उज्जैन
बुधवार
02
सितम्बर, 2026
■ वर्ष-12
■ अंक-299
मूल्य- 2 रु.
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ इंदौर विकास के लिए 177 करोड़ मंजूर
7 ▸ वैभव सूर्यवंशी भारत की टी-20 टीम में बरकरार



## दिल्ली में नाबालिग से गैंगरेप पर भड़कीं भूमि पेडनेकर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

दिल्ली-एनसीआर में चलती स्लीपर बस के अंदर 16 साल की नाबालिग लड़की के साथ हुए गैंगरेप के मामले पर एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर देश में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। भूमि ने लिखा कि बार-बार ऐसी घटनाएं कैसे हो सकती हैं, यह बेहद शर्मनाक है। गलत बस में बिठाकर नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म दिल्ली पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मैनपुरी की रहने वाली 11वीं की छात्रा अपने घर से नोएडा जाने के लिए निकली थी। ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर बारिश और अंधेरा होने की वजह से वह फंस गई।

### देश

- उत्तराखंड में भारी बारिश, 12 मौतें, बिहार में बाढ़ का खतरा, पटना जलमग्न, यूपी में गंगा एक्सप्रेसवे फिर धंसा, मप्र के चित्रकूट में 400 दुकानें डूबीं
- विजय ने 40 हजार का सनग्लास उतारकर बुजुर्ग को पहनाया, महिला बोलीं- हीरो आज सामने खड़ा था, सीएम मेट्टूर डैम के गेट खोलने पहुंचे थे
- तमिलनाडु के 52 मंदिरों में स्मार्टफोन ले जाने पर बैन, जमा करने पर 5 रु. चार्ज देना होगा, बिना कैमरे वाले मोबाइल अंदर ले जा सकेंगे
- कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- महुआ के साथ 2 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, 30 दिन की सुरक्षा दी, कहा- एक सांसद के लिए सिक्योरिटी कवर जरूरी
- चारधाम यात्रा में अगस्त में 2.31 लाख यात्री पहुंचे, 4 साल में सबसे ज्यादा, बद्रीनाथ में सबसे ज्यादा 1.25 लाख श्रद्धालु आए
- यात्री ने चलती ट्रेन में बर्थ पर दीया जलाया, ग्वालियर के पैसेंजर को टीटीई ने भुसावल में उतारा, रेलवे एक्ट में केस दर्ज

### विदेश

- पाकिस्तान ने एससीओ समिट की तस्वीर से मोदी को हटाया, उनके साथ खड़े ईरानी राष्ट्रपति को भी नहीं दिखाया, पर एडिटेड फोटो शेयर की
- ट्रम्प ने बोइंग डील के लिए बांग्लादेश को शुक्रिया कहा पीएम से बोले- ये प्लेन आपको निराश नहीं करेंगे, मैं भी याद रखूंगा
- पाकिस्तान के पहले सिख एंकर के दफ्तर पर रेड, बोले- पुलिस ने वर्करों को पीटा, सामान चुराया, इमरान खान की खबर चलाने पर लगा था बैन

### व्यापार

- डीलर 15 सितंबर से 2000 क्विंटल चीनी रख सकेंगे, स्टॉक 30 दिन से ज्यादा नहीं रख सकेंगे, कीमतें घटाने के लिए सरकार का फैसला
- पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर 1.5 रु. विंडफॉल-टैक्स हुआ, एक लीटर डीजल के एक्सपोर्ट पर 25 रु. टैक्स लगेगा, नई दरें आज से लागू
- अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 14.8% बढ़कर 2 लाख करोड़ पहुंचा, पिछले साल इसी महीने 1.74 लाख करोड़ था लेकिन जुलाई के मुकाबले कलेक्शन घटा

### कार्टून..




### सावन और भादौ के विशेष धार्मिक पर्वों के दौरान उमड़ी भारी भीड़ के बाद महाकाल मंदिर में लगातार कम हो रही भीड़

# अब सुकून से हो रहे श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सावन और भादौ के विशेष धार्मिक पर्वों के दौरान उमड़ी भारी भीड़ के बाद अब श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है। पिछले दिनों मंदिर परिसर और दर्शन मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती थी, लेकिन अब दर्शन व्यवस्था पहले की तुलना में काफी सुगम नजर आ रही है।

जिन श्रद्धालुओं की इच्छा लंबे समय से बाबा महाकाल के शांतिपूर्ण और सुकून भरे दर्शन करने की थी, उनके लिए यह समय बेहतर माना जा रहा है। दर्शनार्थी अब अपेक्षाकृत कम भीड़ में कतारों से गुजरते हुए भगवान महाकाल के दर्शन का लाभ





ले सकते हैं। सावन के दौरान महाकाल मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। विशेष पर्वों और सवारियों के कारण भी मंदिर परिसर में लगातार भारी भीड़ बनी रही थी। अगस्त माह में नागपंचमी और सावन के विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब देखने को मिला था।

#### बिना परेशानी के बाबा महाकाल के दर्शन

अब श्रद्धालुओं की संख्या कम होने से स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले भक्तों को भी दर्शन में सुविधा मिल रही है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि कम भीड़ के कारण उन्हें बिना अधिक परेशानी के बाबा महाकाल के दर्शन का अवसर मिल रहा है। श्रद्धालुओं के लिए यह अवसर खास है, क्योंकि वे अपेक्षाकृत कम भीड़ के बीच आराम से मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन और पूजन का लाभ ले सकते हैं। आने वाले दिनों में भी श्रद्धालुओं से मंदिर प्रशासन की व्यवस्थाओं और निर्धारित नियमों का पालन करते हुए दर्शन करने की अपील की जा रही है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर

## बाजार में सजे झूले और पोषाकों की बढ़ी मांग







ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर धर्मनगरी उज्जैन में उत्साह का माहौल है। शहर के मंदिरों के साथ ही बाजारों में भी जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को सजाने के लिए झूले, आकर्षक पोषाक, पगड़ी, मुकुट, मालाएं और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं।

वेद नगर चौराहा, बैंक ऑफ इंडिया के पास नानाखेड़ा क्षेत्र में जन्माष्टमी पर्व के लिए विशेष रूप से आकर्षक झूले और सजावटी सामग्री उपलब्ध कराई गई है। यहां विभिन्न आकार और डिजाइनों के सजे हुए झूले श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। इसके अलावा बिना सजे झूले भी उपलब्ध हैं, जिन्हें श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार सजा सकते हैं। धर्मनगरी में जन्माष्टमी पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में रंग-बिरंगे झूले, नन्हे लड्डू गोपाल की पोषाकें और आकर्षक श्रृंगार सामग्री लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

**सजावटी सामग्री की मांग लगातार बढ़ रही**

दुकानदार अंकित जोशी ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर बाजार में झूलों, पोषाकों, पगड़ी, मुकुट, मालाओं और अन्य सजावटी सामग्री की मांग लगातार बढ़ रही है। यहां झूलों की कीमत 100 रुपए से शुरू है। झूलों के आकार, डिजाइन और सजावट के अनुसार उनके दाम अलग-अलग हैं। उन्होंने बताया कि सभी झूलों के रेट अलग-अलग हैं और अधिक जानकारी के लिए ग्राहक दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। संपर्क नंबर : 7415169676, 9926524464, इधर, उज्जैन के मंदिरों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के राधा-कृष्ण मंदिरों और गोपाल मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक सजावट का कार्य किया जा रहा है। जन्माष्टमी की रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों के साथ मनाने की तैयारियां की जा रही हैं।

## हथिनीकुंड बैराज में सेना की बोट डूबी 2 जवान लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यमुनानगर

हरियाणा के यमुनानगर जिले में हथिनीकुंड बैराज के पास मंगलवार शाम यमुना नदी में सेना की बोट डूबने से लापता दो जवानों का 15 घंटे बाद पता नहीं लग पाया है। मंगलवार शाम को 5 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन रात भर चला। हेलिकॉप्टर से भी निगरानी की गई।

हरियाणा के अलावा यूपी की एसडीआरएफ टीमें भी जुटी हैं। लोकल गोताखोरों को भी लगाया गया है। बैराज से निकलने वाली पूर्वी और पश्चिमी यमुना नहर के किनारों पर सर्च लाइटों के जरिए निगरानी की गई। आज नहरों में पानी की सप्लाई कम करके दोबारा कोशिश होगी। सेना के वन पैरा स्पेशल फोर्स का बाढ़ बचाव अभ्यास यह हादसा हुआ था। हादसे में सेना के पांच जवान पानी में डूबने लगे थे। इनमें से तीन जवान करीब 600 मीटर तक तेज बहाव में तैरकर पश्चिमी यमुना नहर (डब्ल्यूजेसी) के गेट से बाहर निकलने में सफल रहे थे। लापता जवानों की पहचान महाराष्ट्र निवासी आर्यन पाटिल और जम्मू-कश्मीर के अखनूर निवासी अजय के रूप में हुई है।

## अमेरिका का ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला

### ईरान का जॉर्डन-बहरीन में जवाबी अटैक, ट्रम्प बोले- समझौते की जरूरत नहीं, होर्मुज पर हमारा पूरा कंट्रोल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमलों की एक लहर पूरी की है। इनमें एयर डिफेंस साइट्स, रडार सिस्टम, समुद्री ठिकाने, माइन बिछाने की क्षमता और कम्युनिकेशन साइट्स शामिल हैं।

इसके जवाब में ईरान ने जॉर्डन और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले का दावा किया है। कुवैत में भी ईरानी ड्रोन हमलों के बीच एयर डिफेंस सक्रिय की गई है, जबकि जॉर्डन ने 13 ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने का दावा किया है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ किसी समझौते की जरूरत नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिका का होर्मुज स्ट्रेट पर लगभग पूरा कंट्रोल है और ईरान की अर्थव्यवस्था ढह रही है।

ईरान ने दावा किया है कि खुजस्तान प्रांत में अमेरिकी मिसाइल हमले में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 घायल हुए हैं। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ईरान के मुताबिक, अमेरिका ने प्रांत में 3 जगहों को निशाना बनाया।

## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बन सकते हैं राममंदिर के पहले सीईओ, शरद शर्मा प्रवक्ता होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या

यूपी के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट रहे पूर्व आईपीएस राजेश पांडेय अयोध्या राम मंदिर के पहले सीईओ (चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर) बनाए जा सकते हैं। सूत्रों ने बताया, बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में उनके नाम पर मुहर लग सकती है। चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट की ये तीसरी बैठक है।

प्रयागराज के रहने वाले राजेश पांडेय को यूनाइटेड नेशंस के कोसोवो पीसकीपिंग मिशन में काम करने का अनुभव है। उन्होंने सर्विस के दौरान गैंगस्टर श्रीप्रकाश शुक्ला समेत 80 से ज्यादा एनकाउंटर किए हैं। यूपी पुलिस की दो



खास यूनिटों स्पेशल टास्क फोर्स और एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी रहे शरद शर्मा को ट्रस्ट का प्रवक्ता बनाया जा सकता है। आज की बैठक में प्रसाद समिति और परिक्रमा समिति के गठन की घोषणा हो सकती है।

## नेपाल बाढ़ में अब तक 1127 लोगों की मौत

### 4800 से ज्यादा की तलाश जारी, एक लड़की ने 17 रिश्तेदारों को खोया, चीन के 100 नागरिक लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल में बाढ़ के एक हफ्ते बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। आपदा में लापता लोगों की तलाश के बावजूद कई परिवारों को अपने परिजनों की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कई इलाकों में कीचड़ और मलबा जमा होने से राहत कार्य मुश्किल बना हुआ है।

26 अगस्त को आई बाढ़ के बाद अब तक 1127 शव बरामद



किए गए हैं, इनमें से 9 शव भारत में मिले हैं। करीब 4800 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें 500 विदेशी नागरिक हैं। नेपाल में सड़क और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे कई चीनी नागरिक लापता हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, नेपाल में करीब 100 चीनी नागरिकों का अब तक पता नहीं चला है। नेपाल और चीन के प्रभावित परिवारों की मांग है कि उनके परिजनों की सही और स्पष्ट जानकारी दी जाए। एक नेपाली लड़की ने बताया कि इस आपदा में उसने अपने परिवार के 17 सदस्यों को खो दिया। बाढ़ प्रभावित बिदुर में विस्थापित परिवार अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं, लेकिन उन्हें अब भी दोबारा बाढ़ आने का डर सता रहा है।

# हलषष्ठी पूजन का रहा उत्साह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में हलषष्ठी व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह रहा। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी पर मनाया जानेवाला ये पर्व मूलरूप से संतान की दीर्घायु व मंगल हेतु मनाया जाता है। सनातन धर्म को माननेवाली महिलाएं अपने बच्चों की खुशहाली व समृद्धि के लिए षष्ठी को दिनभर व्रत रखती हैं और हल का जुता हुआ अन्न ग्रहण नहीं करतीं साथ ही गौमाता का दूध व उससे बनी सामग्री भी खाना निषेध रहता है।

हलषष्ठी का व्रत पूरे उत्तर भारत में बहुत लोकप्रिय है और देश के विभिन्न भागों में निवासरत उत्तर भारतीय लोग इसे पूरे उत्साह व उमंग से इसे मनाते हैं। इस दिन महिलाएं भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी की विशेष पूजा करती हैं। आंगन मे हल व मूसल रखकर विधिवत पूजन किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि बलराम के जन्म से पूर्व माता रोहिणी ने षष्ठी माता का पूजन किया था तो उन्हें बहुत बलशाली बलराम के रूप में पुत्र की प्राप्ति हुई थी इसलिए हर महिला षष्ठी माता की पूजन करके बलशाली व समृद्धशाली पुत्र की कामना करती हैं। पुत्र की दीर्घायु के लिए माता षष्ठी की आराधना करने का विधान है।

**हल का जुता निषेध-** भारतीय अर्थव्यवस्था में गौधन का बहुत महत्व है। इस दिन गौमाता के दूध का उपयोग नहीं किया जाता साथ ही बैल-जोड़ी से जौता हुआ अन्न नहीं खाया जाता। तालाब में उत्पन्न होने वाले





(पर्‌ई के चावल), मोरधन व महुआ विशेष तौर पर खाया जाता है।

**कांस और महुए का महत्व-** एक विशेष प्रकार की जंगली घांस जो तालाब किनारे उगती है (कांस) का षष्ठी पूजन में विशेष महत्व है। आंगन मे कांस की डाली को रखकर पूजन की जाती है। महुए के पत्ते व टहनियां भी रखी जाती है। छः दोने या मिट्टी के कुल्हड़ में पांच तरह का अनाज जिसमें ज्वार, मक्का की फूली, भुने चने, महुआ आदि रखकर पूजा की जाती है। षष्ठी माता से पुत्र की समृद्धि व दीर्घायु की कामना की जाती है। हलषष्ठी की कथा श्रवण करने के उपरांत ही महिलाएं भैंस का दूध, हल के बिना जुता हुआ फल जैसे सेवफल, केले आदि ग्रहण करती हैं।

**बाजार में खूब बिकी कांस व सतनजा-** हलषष्ठी के पूर्व से ही बाजार पूजन सामग्री से सजे नजर आए। फ्रीगंज में शहीद पार्क के समीप अमरसिंह मार्ग पर नारियल, कांस, महुआ, सात प्रकार के अनाज (सतनजा) की दुकानों पर भारी भीड़ रही। कामकाजी महिलाओं ने पर्व से पूर्व ही पूजन सामग्री खरीद ली। बारिश न होने से एक दिन पूर्व ही बाजार में भारी गहमागहमी रही।



## खबर एक नजर...

### सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह

**उज्जैन।** नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। नगर निगम पीएचई विभाग से सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी श्री महेश कुमार परमार, श्री अत्ताउर रहमान पी.एच.ई विभाग का नगर निगम परिवार की ओर से सेवानिवृत होने पश्चात सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्षद श्री शिवेंद्र तिवारी, अपर आयुक्त श्री पुनित शुक्ला एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वार्ड 45,46 का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत वार्डो में जन समस्याओं को त्वरित निराकरण किया जा रहा है इसी के क्रम में निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा वार्ड क्रमांक 45 एवं 46 का निरीक्षण कर समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं पेयजल,प्रकाश आदि सेवा का लाभ सभी स्थानीय नागरिकों को प्राप्त हो इसी आधार पर निगम आयुक्त द्वारा संबंधित स्वास्थ अधिकारी, पीएचई अधिकारी,प्रकाश विभाग उद्यान आदि अधिकारियों के साथ देवास रोड के अंतर्गत कालोनियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा वार्ड 45 एवं 46 के नागरिकों से जन संवाद करते हुए नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत सफाई पेयजल आदि का निराकरण के निर्देश दिए।

### नारायणा धाम में 2 सितंबर को निकलेगी शाही सवारी

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नारायणा धाम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के तहत 2 सितंबर को शाम 4 बजे शाही सवारी निकाली जाएगी। इसमें कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, महिदपुर एसडीएम अजय कुमार हिंगे और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कृष्ण पाथेय न्यास, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से 2 से 6 सितंबर तक कृष्ण पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत प्रतिदिन शाम 7 बजे से विभिन्न कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि धाम में अयोध्या निवासी साध्वी मीरा के मुखारविंद से राम कथा चल रही है। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### भूगोल के नवीन पाठ्यक्रम में शामिल होगी भारतीय ज्ञान परंपरा

**उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भूगोल विषय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अब भारतीय ज्ञान परंपरा और इतिहास का समावेश किया जाएगा। नवीन पाठ्यक्रम के निर्माण और परीक्षण को लेकर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 'भारतीय ज्ञान परंपरा के विशेष संदर्भ में' विषय पर दो दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. आर्पण भारद्वाज ने कहा कि प्राचीन भारतीय ग्रंथों, स्थानीय ज्ञान, पर्यावरणीय दृष्टिकोण और सतत विकास को समकालीन भूगोल से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है। विषय विशेषज्ञ प्रो. अल्पना त्रिवेदी ने कहा कि प्राचीन ज्ञान, अनुभव और कौशल आधारित शिक्षा को आधुनिक पाठ्यक्रम से जोड़ने से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, रोजगारपरक क्षमता और उद्यमिता का विकास होगा। उन्होंने भूगोल में व्यावहारिक ज्ञान और पारंपरिक कौशल को प्रभावी ढंग से शामिल करने पर जोर दिया। नवीन पाठ्यक्रम में भूगोल की समृद्ध परंपरा, आधुनिक विज्ञान और समकालीन आवश्यकताओं के बीच समन्वय स्थापित करना समय की मांग है।

# 12 को नेशनल लोक अदालत, बकाया संपत्ति एवं जलकर जमा करने का मिलेगा अवसर

## अपर आयुक्त ने जलकर एवं संपत्ति कर विभाग की समीक्षा कर वसूली बढ़ाने के दिए निर्देश

### नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु आज जिला न्यायालय से निकलेगी वाहन रैली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आगामी 12 सितंबर शनिवार को नगर निगम के समस्त जोन कार्यालयों में बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक बकायेदारों से कर की राशि जमा करवाने को लेकर नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को अपर आयुक्तपवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा जलकर एवं संपत्ति कर विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली बढ़ाने तथा बकायादारों तक लोक अदालत की जानकारी पहुंचाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का वार्ड स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बड़े बकायादारों को चिन्हित कर उन्हें बिल जारी करने के साथ ही घर-घर संपर्क कर बकाया कर जमा करने के लिए सूचित किया जाए। इसके साथ ही मोबाइल एसएमएस के माध्यम से भी करदाताओं को बकाया राशि जमा करने की सूचना दी जाए। जलकर वसूली का प्रतिशत बढ़ाने, जलकर आईडी को संपत्ति कर आईडी से मर्ज करने तथा समस्त रिकॉर्ड को ई-नगरपालिका पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। आपने कहा कि कर वसूली को प्राथमिकता देते हुए विभागीय अमला निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करे।

उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने निर्देशित किया कि नेशनल लोक अदालत में लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के लिए संपत्ति कर एवं जलकर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपने अधीनस्थ अमले के साथ फील्ड में निकलें और बड़े बकायादारों को चिन्हित कर उनसे कर की वसूली करें। साथ ही सभी करदाताओं के मोबाइल नंबर रिकॉर्ड में अपडेट किए जाएं, जिससे उन्हें समय-समय पर बकाया कर एवं लोक अदालत की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जा सकें। बैठक में कार्यपालन यंत्री शिवम दुबे, जोनल अधिकारी सुनील जैन, उपयंत्री, समस्त जोन के सहायक संपत्ति कर अधिकारी, बिल क्लर्क, बिल डिस्ट्रीब्यूटर एवं टंकी प्रभारी उपस्थित रहे 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए आज जिला न्यायालय से वाहन रैली निकाली जाएगी। करदाताओं को बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने तथा नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाएगा।

# शिक्षक दिवस पर नगर निगम करेगा शिक्षकों का सम्मान

## 54 वार्डों से चयनित एक-एक शासकीय शिक्षक सहित उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले 5 शिक्षक होंगे सम्मानित

### 5 सितंबर को मोती नगर स्थित बाबा साहब नातू सामुदायिक भवन में होगा सम्मान समारोह

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय रूप से किया जाएगा। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शासकीय शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी। शिक्षक दिवस सम्मान समारोह की तैयारियों एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर मंगलवार को सामान्य प्रशासन समिति के प्रभारी श्री अनिल गुप्ता द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने निर्देशित किया कि शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति गरिमामय एवं सम्मान पूर्ण वातावरण में किया जाए तथा कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं।



5 सितंबर शनिवार को मोती नगर स्थित बाबा साहब नातू सामुदायिक भवन में आयोजित होने वाले समारोह में नगर निगम के सभी 54 वार्डों से एक-एक शासकीय शिक्षक का चयन कर उनका सम्मान किया जाएगा। इसके लिए सभी पार्षदों से संबंधित शिक्षक का नाम, संक्षिप्त परिचय एवं उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों की जानकारी मांगी गई है। इसी क्रम में उज्जैन शहर के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले पांच शिक्षकों का चयन जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से किया जाएगा। इन शिक्षकों को भी समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

समिति प्रभारी श्री अनिल गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सम्मान उनके समर्पण और योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ ही अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित करने का माध्यम है। बैठक में समिति सदस्य श्रीमती आभा कुशवाहा, श्रीमती लीला वर्मा, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, श्री मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त श्री प्रफुल्ल गठरे, श्री पवन कुमार फुल फकीर एवं जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अंतर्गत माह सितंबर एवं अक्टूबर में तीर्थ यात्रा रवाना होगी

## आवेदनकर्ता नगर निगम मुख्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत उज्जैन जिले से माह सितंबर एवं अक्टूबर 2026 में अयोध्या, काशी (वाराणसी), हरिद्वार, ऋषिकेश, वाराणसी एवं गया हेतु तीर्थ यात्रा रवाना होगी इच्छुक आवेदक अपना आवेदन कार्यालय नगर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ नगर पालिक निगम उज्जैन आगर रोड के कक्ष क्रमांक 214 से प्राप्त कर जमा करवा सकते हैं।

तीर्थ यात्रा के अंतर्गत अयोध्या एवं काशी (वाराणसी) हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 01.09.2026 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 07.09.2026 है जिले से यात्रा का लक्ष्य 256 निर्धारित है, हरिद्वार एवं ऋषिकेश यात्रा के अंतर्गत आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 09.09 2026 एवं यात्रा प्रारंभ होने की दिनांक 16.09.2026 है यात्रा का लक्ष्य 156 निर्धारित है इसी के साथ वाराणसी एवं गया तीर्थ हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 23.9.2026 एवं यात्रा प्रारंभ होने की दिनांक 04.10.2026 है यात्रा में लक्ष्य 156 निर्धारित किया गया है।

वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है दंपति के साथ यात्रा कर सकते हैं तथा 65 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदक दंपत्ति अपने साथ एक सहायक (जिसकी आयु 18 से 49 वर्ष) को ले जाने की पात्रता रखते हैं, महिला आवेदक को 2 वर्ष की छूट रहेगी अर्थात 58 वर्ष मान्य होगी, 60 प्रतिशत दिव्यांग के लिए आयु का बंधन नहीं है दिव्यांग आवेदक अपने साथ एक सहायक ले जा सकते हैं, सहायक शारीरिक रूप से सक्षम हो, आवेदक आयकर दाता नहीं होना चाहिए आवेदक उज्जैन निकाय क्षेत्र का मूल निवासी होना चाहिए।

आवेदनकर्ता को जरूरी दस्तावेज जिसमें आवेदक का आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, आवेदक के सभी दस्तावेज समग्र आईडी में ईकेवाईसी सहित आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए आवेदन 02 सेट में जमा होंगे आवेदन केवल हिंदी भाषा में ही मान्य होंगे। अयोध्या एवं काशी (वाराणसी) हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 01.09.2026, हरिद्वार एवं ऋषिकेश यात्रा के अंतर्गत आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 09.09.2026 एवं वाराणसी एवं गया तीर्थ हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 23.09.2026 रहेगी।

# सर्व प्रयास सामाजिक संस्था ने ली 5 बच्चों की की जिम्मेदारी

## 60 पितृविहीन बालिकाओं की भी मदद कर रही संस्था

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सर्व प्रयास सामाजिक संस्था ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय जवासिया कुमार के पांच बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी ली है। संस्था की ओर से इन बच्चों को आर्थिक मदद दी जाएगी। इसी के तहत संस्था सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर इन बच्चों को स्कूल बैग, कपड़े और मिठाई वितरित की।

संस्था द्वारा वर्तमान में 60 पितृविहीन बालिकाओं की जिम्मेदारी भी उठाई जा रही है। संस्था इन बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, त्योहारों से लेकर शादी होने तक मदद करती है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी का प्रशिक्षण दिया जाता है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई मशीनें भी भेंट की जाती हैं। संस्था की उज्जैन, नागदा, महिदपुर सिटी, घट्टिया, घोसला, खाचरौद, महिदपुर रोड और गुजरात के वड़ोदरा में कुल 7 शाखाएं संचालित हैं। देशभर से सैकड़ों महिलाएं संस्था से जुड़कर आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों की मदद कर रही हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ, संस्था प्रभारी निर्मला शर्मा, संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी मीना पंड्या, सह संगठन स्वाति तारे और भारती पांवड़े सहित बालिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।




### खंडेलवाल समाज 3 सितंबर को मनाएगा जन्माष्टमी महोत्सव

**उज्जैन।** खंडेलवाल वैश्य पंचायत उज्जैन के तत्वावधान में 3 सितंबर गुरुवार को भव्य जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। बुधवारिया स्थित खंडेलवाल वैश्य पंचायत भवन में शाम 5 बजे से आयोजित इस सामाजिक कार्यक्रम में भगवान बाल गोपाल को अन्नकूट का भोग लगेगा और भजन संध्या के साथ विविध प्रतियोगिताएं होंगी। पंचायत अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल और सचिव अनिल सामरिया ने बताया कि इस अवसर पर समाज की महिलाएं अपने-अपने घर से नैवेद्य तैयार कर लाएंगी, जिसे बाल गोपाल को अन्नकूट स्वरूप पधराया जाएगा।

## जीरो पॉइंट ब्रिज स्थित कार्यालय पर हुआ आयोजन

# युवा मंच सत्संग समिति ने निराश्रित बुजुर्गों को बांटा 10-10 किलो गेहूं, बुजुर्गों को दी गई दवाइयां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति की ओर से 1 सितंबर को सितंबर माह का अनाज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीरो पॉइंट ब्रिज के पास हीरा मिल परिसर स्थित श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पर हुए आयोजन में नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को 10-10 किलो गेहूं वितरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सभापति व भाजपा नेता सोनू गहलोत थे। इस दौरान श्यान आरती के संचालक महेंद्र कटिहार द्वारा बुजुर्गों को आंखों के ड्रॉप और दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। अतिथियों का स्वागत माली समाज के वरिष्ठ लीलाधर आडतिया, शिवनारायण जागीरदार, ओम हरोड, मांगीलाल राजनोद और हेमराज परमार ने किया। समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि इस सेवा कार्य में दानदाताओं का विशेष सहयोग रहा।




## भादौ की पांचवीं सवारी में नारी शक्ति का परचम

# झांझ-डमरू मंडली ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भगवान महाकाल की भादौ मास की पांचवीं सवारी में चेतन भैरव नारी शक्ति झांझ एवं डमरू मंडली ने एक बार फिर अपना शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूजा के नेतृत्व में मंडली की बालिकाओं ने सनातन संस्कृति की पारंपरिक पोशाक पहनकर समाज को धर्म रक्षण और जागरूकता का संदेश दिया।

सवारी के दौरान पूजा बिटिया और उनकी टीम द्वारा किए गए झांझ और डमरू के ओजस्वी प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। डमरू की गूंज और झांझ की थाप पर स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ बाहर से आए भक्त भी झूमने लगे। लंबे समय से सनातन धर्म के लिए कार्य कर रही यह मंडली शिव भक्ति और समर्पण की मिसाल पेश कर रही है। धार्मिक वादन के अलावा, पूजा बिटिया बालिकाओं को सशक्त भी बना रही हैं। मंडली की बालिकाएं उनसे शस्त्र विद्या की दीक्षा लेती हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। महाकाल के प्रति अपनी अगाध आस्था को मंडली ने इन पंक्तियों के माध्यम से व्यक्त किया कि शतरंज की चालों का खौफ उन्हें होता है जो सियासत करते हैं, हम तो अखंड ब्रह्मांड के नायक राजा महाकाल के भक्त हैं, ना हार की फिक्र करते हैं और ना जीत का जिक्र करते हैं।

# दादा गुरुदेव के 200वें जन्म महोत्सव की मनुहार पत्रिका उज्जैन पहुंची



### 8 से 16 जनवरी 2027 तक भरतपुर महातीर्थ में होगा आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

परम पूज्य श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. की जन्मभूमि श्री भरतपुर महातीर्थ में आयोजित होने वाले दादा गुरुदेव के जन्म द्विशताब्दी महोत्सव का निमंत्रण लेकर श्री राजेन्द्रसूरि जैन कीर्ति मंदिर तीर्थ भरतपुर के पदाधिकारी उज्जैन पहुंचे।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञानमन्दिर नमकमंडी में चातुर्मास के लिए विराजमान गुरुवर्या साध्वी श्री अनन्तदृष्टा श्रीजी म.सा. एवं साध्वीवर्या श्री मयूरकला श्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी श्री रिद्धि निधी श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-6 के दर्शन-वंदन कर प्रवचन का लाभ लिया। साथ ही त्रिस्तुतीक श्रीसंघ नमकमंडी और नयापुरा श्रीसंघ को इस 15 दिवसीय महोत्सव का अग्रिम निमंत्रण प्रदान किया।

तीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल कटारिया संघवी और महामंत्री विमलकुमार वेदमूथा ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 8 से 16 जनवरी 2027 तक अष्टांहिका महोत्सव तथा 15 जनवरी को गुरु सप्तमी महोत्सव मनाया जाएगा।

भरतपुर से आए प्रतिनिधिमंडल में शेषमल वोरा, कान्तीलाल संघवी, मुकेशकुमार दोशी, राजेन्द्र दगवाडा और अंशुल गिरिया सहित अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मोहित तांतेड एवं महामंत्री संजय कोठारी शामिल थे। अतिथियों का स्वागत एवं बहुमान भेरूलाल प्रमोद कुमार तांतेड परिवार के साथ नमकमंडी एवं नयापुरा श्रीसंघ ने किया। साध्वी श्री रिद्धिनिधी श्रीजी ने अपने प्रवचन में द्विशताब्दी महोत्सव की महत्ता बताते हुए कहा कि यह उत्सव गुरु भगवंत की साधना का है। साधना से ही साधक अमर होते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने प्रभु वीर के मार्ग को हर स्थिति में अडिग रखा और मिथ्या का कोई अंश नहीं रहने दिया। उनके द्वारा रचित अभिधान राजेन्द्र कोष के एक-एक अक्षर में सम्यक दर्शन का मार्ग झलकता है।

## दलितों के अपमान पर आक्रोशित कांग्रेसियों ने किया एसपी कार्यालय का घेराव

# टॉवर चौक पर बाबा साहेब को माल्यार्पण कर निकाला पैदल मार्च, विधायक परमार ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

केंद्र सरकार की कथित दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी के समर्थन में बुधवार को कांग्रेसियों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता टॉवर चौक पर एकत्रित हुए और यहां से पैदल मार्च करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे।

जिला अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार और मुकेश भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सबसे पहले टॉवर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद 'संविधान बचाओ देश बचाओ', 'मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी जिंदाबाद' तथा 'दलित विरोधी सरकार नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए विभिन्न मार्गों से पैदल मार्च निकालकर एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।




### मोदी सरकार को बताया दोहरे चरित्र वाली सरकार

घेराव के दौरान विधायक महेश परमार ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उसे दोहरे चरित्र वाली और दलित विरोधी सरकार बताया। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है, पूरे देश में दलितों पर अत्याचार बढ़े हैं। परमार ने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपनी दलित विरोधी मानसिकता और अत्याचार बंद नहीं करती है, तो कांग्रेस पार्टी दलितों की रक्षा के लिए पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी।

### देश के हर दलित वर्ग का अपमान बताया

मुकेश भाटी ने इसे देश के हर दलित वर्ग का अपमान बताया और कहा कि सत्ता के लालच में केंद्र सरकार हर वर्ग का अपमान कर रही है। विधायक दिनेश जैन बॉस ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार संविधान की हत्या करने पर तुली हुई है। जो भी व्यक्ति दलितों या पिछड़े वर्गों की आवाज उठाता है, सरकार उसके खिलाफ कार्रवाई करती है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर पर कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी का अपमान करने वाले असली दोषियों को बचाने और आवाज उठाने वाले पर केस दर्ज करना बेहद शर्मनाक है। इस गंभीर मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। कांग्रेस इन राजनीतिक हथकंडों से डरेगी नहीं और दोषियों को सजा मिलने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### राजनीति विज्ञान की प्रो. गुप्ता सेवानिवृत्त

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला में सोमवार को वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं राजनीतिशास्त्री प्रो. दीपिका गुप्ता के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उनके 40 साल के लंबे अकादमिक और प्रशासनिक योगदान को याद करते हुए उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. संजीव शर्मा रहे। विशेष अतिथि के रूप में बीकानेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज कुमार दीक्षित और राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. गोपाल कृष्ण शर्मा उपस्थित थे। कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य विद्वानों ने प्रो. दीपिका गुप्ता की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. नलिन सिंह पंवार ने दिया।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

वाणी रसवती यस्य,यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मीः दानवती यस्य,सफलं तस्य जीवितं।।

**अर्थः** जिस व्यक्ति की वाणी मधुर होती है, जिसका परिश्रम परिश्रम से भरा होता है, जिसके धन का उपयोग दान में किया जाता है, उसका जीवन सफल होता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर जिला जेल में बदमाश पर चाइनीज चाकू से हमला

**इंदौर।** जिला जेल में मंगलवार शाम बंद एक बदमाश पर दूसरे बदमाश ने चाइनीज चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने सोनू उर्फ खरगोश के चेहरे पर चाकू से तीन वार किए। घटना की सूचना मिलने के बाद जेल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हमला करने वाले बदमाश से पूछताछ की। आजाद नगर इलाके की जिला जेल में बंद सोनू उर्फ खरगोश पर शुभम और उसके साथी ने मंगलवार शाम लॉकअप से पहले चाइनीज चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि सोनू जेल कैंटीन की तरफ गया था। इसी दौरान शुभम उसका पीछा करते हुए वहां पहुंचा और अचानक उसे धमकाते हुए हमला कर दिया। जेल के प्रहरियों ने तुरंत शुभम को रोका और दोनों को अलग किया। सूचना मिलने पर जेलर जवाहर मंडलोई, उपजेलर राकेश उपाध्याय और चक्कर अधिकारी मनोज जायसवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने शुभम से पूछताछ की। बताया जाता है कि तिलक नगर थाने से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत शुभम को एक दिन पहले ही जेल लाया गया था। वह मुंह में छोटा चाइनीज चाकू छिपाकर जेल में लाया था। कुछ माह पहले रुपए के लेनदेन को लेकर खजराना के बिल्डर मनोज नागर पर सोनू उर्फ खरगोश और उसके साथियों ने महालक्ष्मी नगर में गोली चलाई थी। इस मामले में हेमंत यादव को भी आरोपी बनाया गया था। हालांकि, सोनू पर हमले के पीछे सुपारी दिए जाने की बात भी सामने आ रही है। जेल अधिकारी मामले में आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं।

### नायब तहसीलदार बनकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से ठगी

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में नायब तहसीलदार बनकर एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने आंगनवाड़ी में शौचालय की मरम्मत के नाम पर रुपए भेजने का झांसा दिया और महिला के खाते से 50 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। शिकायत के बाद बाणगंगा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक नंद नगर निवासी केशकली पाल यादव एक अस्पताल में काम करती हैं। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों पर वैक्सीनेशन का काम करती हैं। 4 अगस्त की दोपहर वह अपनी साथी कांता के साथ थीं। इसी दौरान उनके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को अधिकारी बताते हुए कहा कि उसकी उनके 'सर' से बात हो चुकी है। उसने बताया कि आंगनवाड़ी के शौचालय की स्थिति खराब है और उसकी मरम्मत करवानी है। आरोपी ने मरम्मत के लिए रुपए उनके खाते में भेजने की बात कही। केशकली ने पहले अपने अधिकारी के खाते में भुगतान करने की बात कही, लेकिन आरोपी ने कहा कि अधिकारी ने उन्हीं के खाते में रुपए डालने को कहा है। आरोपी ने पहले 10 रुपए भेजे और मोबाइल पर मैसेज आने की पुष्टि करने को कहा। इसके बाद 39 हजार 990 रुपए का ट्रांजैक्शन मैसेज भेजा गया, जिसे आरोपी ने तकनीकी कारणों से फेल होना बताया।

### सराफा में ज्वेलरी शॉप में लगी आग, एसी में शॉर्ट सर्किट से भड़की

**इंदौर।** बड़ा सराफा में मंगलवार देर रात ज्वेलरी शॉप में आग लग गई। बिल्डिंग से धुआं निकलता देख लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना रात करीब 12:30 बजे की है। लोगों ने सराफा स्थित एक बिल्डिंग से धुआं निकलते देखा। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि आग मजीद पुत्र अब्दुल गफ्फार की मॉडर्न ज्वेलर्स दुकान में लगी है। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग के कारण दुकान में काफी धुआं भर गया था। फायर ब्रिगेड ने करीब 2 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग में दुकान का फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह एसी में हुआ शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर सराफा बाजार के अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल आग से किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है।

### इंदौर में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

**इंदौर।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। इंदौर में अलग-अलग जगह चल रही कार्रवाई के तहत डीसीपी त्रिपाठी ने अधिकारियों और यातायात पुलिसकर्मियों को नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। डीसीपी त्रिपाठी ने हुकुमचंद घंटाघर चौराहा सहित प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने रॉन्ग साइड वाहन चलाने, रेड लाइट जंप करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने और लेफ्ट टर्न बाधित करने वालों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस तेज आवाज करने वाले और निर्धारित मानकों के विपरीत लगाए गए मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ भी अभियान चला रही है। खासकर बुलेट सहित ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है, जिनमें मानक से अलग साइलेंसर लगे पाए जा रहे हैं।

---

### इंदौर के इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार को लेकर आईडीए की बैठक में बड़े फैसले, एरोसिटी से एयरपोर्ट तक 75 मीटर चौड़ी होगी सड़क

# विकास के लिए 177 करोड़ मंजूर, रेडिसन-रोबोट चौराहे पर बनेंगे फ्लाईओवर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शहर में बढ़ते ट्रैफिक और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इंदौर के इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार को लेकर आईडीए की बैठक में बड़े फैसले हुए हैं। रेडिसन और रोबोट चौराहे पर फ्लायओवर, एरोसिटी से एयरपोर्ट तक चौड़ी सड़क और एमआर-09 के निर्माण सहित 177.33 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी मिली है।

इसके अलावा एयरपोर्ट रोड की योजना क्रमांक 172 के विकास के लिए 240.93 करोड़ रुपए और एरोसिटी के विकास के लिए 52.61 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) की संचालक मंडल की बैठक में शहर के अलग-अलग हिस्सों में सड़क, ट्रैफिक और नई विकास योजनाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इन फैसलों का असर आने वाले वर्षों में शहर के ट्रैफिक सिस्टम, एयरपोर्ट कनेक्टिविटी और नए व्यावसायिक क्षेत्रों के विस्तार पर दिखाई देने की उम्मीद है।



**योजना 172 पर 240.93 करोड़ का बड़ा निवेश-** एयरपोर्ट रोड स्थित योजना क्रमांक 172 के विकास के लिए 240.93 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। योजना के विकसित होने के साथ शहर के नजदीकी क्षेत्रों में सड़क, अधोसंरचना और अन्य विकास गतिविधियों को गति मिलेगी।

**मेघदूत उपवन के पास 3.83 हेक्टेयर जमीन का विकास-** शहर के प्रमुख हरित और मनोरंजन क्षेत्र मेघदूत उपवन से लगी आईडीए की करीब 3.83 हेक्टेयर जमीन का समग्र विकास किया जाएगा। योजना क्रमांक 54 के तहत इसके लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति सहित 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

जमीन का बेहतर उपयोग करने के साथ मेघदूत उपवन आने वाले लोगों के लिए क्षेत्र को और आकर्षक बनाने की दिशा में काम होगा। वहीं योजना क्रमांक 97 भाग-2 के विकास कार्य के लिए 33.95 करोड़ रुपए की निविदा को मंजूरी दी गई है। इससे योजना में प्रस्तावित विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा आईडीए की विभिन्न योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक और शॉपिंग उपयोग के भूखंडों के व्ययन के लिए दरें निर्धारित की गई हैं। इनमें योजना 103 के पलाश भवन के 31 आवासीय प्रकोष्ठ, योजना 114-प्रथम के 9 आवासीय प्रकोष्ठ और योजना 135 के 106 आवासीय भूखंड शामिल हैं। योजना 136 में 151 आवासीय भूखंड, योजना 71 सेक्टर-ए में व्यावसायिक, औद्योगिक और शॉपिंग उपयोग के भूखंड तथा योजना 54 में चिकित्सालय उपयोग के भूखंड के लिए भी दरें तय की गई हैं। अब इन संपत्तियों के व्ययन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा सकेंगी।

**झांकी निर्माण के लिए समिति को तीन लाख रुपए की राशि-** आईडीए ने अहिल्योत्सव वर्ष 2026 के आयोजन के लिए 8 लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर की गई है। वहीं बंद कपड़ा मिलों की पांच गणेशोत्सव समितियों को झांकी निर्माण के लिए प्रत्येक को 3 लाख रुपए की सहयोग राशि दी जाएगी।

- पूर्वी रिंग रोड के रेडिसन चौराहे पर 76.59 करोड़ रुपए की लागत से फ्लायओवर बनाया जाएगा। यह क्षेत्र शहर के प्रमुख ट्रैफिक कॉरिडोर में शामिल है। फ्लायओवर बनने के बाद चौराहे पर वाहनों का दबाव कम करने और यातायात को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी।
- इसी प्रकार रोबोट चौराहे पर भी फ्लायओवर प्रस्तावित है। इसके निर्माण के लिए 94.18 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। दोनों फ्लायओवर मिलाकर करीब 170.77 करोड़ रुपए का निवेश सिर्फ इन दो प्रमुख ट्रैफिक प्वाइंट्स को बेहतर करने पर होगा।

- **एमआर-09 से योजना क्रमांक 5 की कनेक्टिविटी-** आगरा-मुंबई बायपास से आईडीए की योजना क्रमांक 5 को जोड़ने वाले मास्टर प्लान एमआर-09 के निर्माण के लिए भी 6.56 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इससे बायपास और शहर के भीतर के विकसित हो रहे क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है।
- **एयरपोर्ट के आसपास विकसित होगी एरोसिटी-** इंदौर के भविष्य के शहरी विस्तार में एयरपोर्ट के आसपास का क्षेत्र महत्वपूर्ण होने जा रहा है। आईडीए ने योजना क्रमांक 172 के समीप शासन से प्राप्त भूमि को एरोसिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। एरोसिटी से एयरपोर्ट तक 75 मीटर चौड़ी और करीब 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी।

---

### रेपिड मिल्क टेस्टिंग किट से मौके पर टेस्ट, पहली जांच में नहीं मिली मिलावट

# इंदौर में 16 से ज्यादा जगहों पर दूध की जांच

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

खाद्य सुरक्षा विभाग ने दूध की जांच शुरू कर दी है। ट्रिपल ट्रस्ट थॉट टेस्टिंग अभियान के तहत फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स और रेपिड मिल्क टेस्टिंग किट की मदद से शहर के दूध विक्रेताओं, डेयरी संचालकों और फेरी वालों के दूध के सैंपल की स्पॉट टेस्टिंग की गई।

शहर के अलग-अलग इलाकों में करीब 16 से अधिक स्थानों पर दूध की जांच की गई। इनमें छह डेयरी प्रतिष्ठानों के साथ 8 से 10 फेरी विक्रेताओं के दूध की भी मौके पर जांच हुई। राहत की बात यह रही कि प्रथम दृष्टया की गई जांच में किसी तरह की मिलावट सामने नहीं आई।

**इन डेयरियों में हुई दूध की जांच-** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एम्पायर रेजिडेंसी स्थित श्री कृष्णा दूध डेयरी, बिजौली मदार्ना रोड-पिपलियाहाना की वृंदावन डेयरी, बृजेश्वरी-पिपलियाहाना के फार्मर्स मिल्ककार्ट, शीतल नगर की श्री जी दूध डेयरी, गंगा देवी नगर के कृष्णा मिल्क सेंटर और एमआर-10 स्थित महावीर दूध डेयरी पर पहुंचकर दूध की जांच की। इसके अलावा सड़क पर दूध बेचने वाले करीब 8 से 10 फेरी विक्रेताओं के दूध की भी मौके पर रेपिड टेस्टिंग की गई।



**अब मौके पर ही होगी दूध की शुरूआती जांच-** अधिकारियों ने बताया कि ट्रिपल टी अभियान में अब रेपिड मिल्क टेस्टिंग किट को भी शामिल किया गया है। इसके जरिए दूध की कुछ महत्वपूर्ण गुणवत्ता संबंधी जांच मौके पर ही कम समय में की जा सकती है।

इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि टीम को शुरूआती जांच के लिए सैंपल को तुरंत लैब भेजने का इंतजार नहीं करना पड़ता। हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि रेपिड टेस्टिंग के परिणाम प्राथमिक जांच पर आधारित होते हैं। जरूरत पड़ने पर नियमानुसार सैंपल की विस्तृत जांच और प्रयोगशाला परीक्षण भी कराया जाएगा।

**आम लोग भी सीख सकेंगे खाद्य पदार्थों की जांच-** फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के जरिए आम लोगों को रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की आसान घरेलू जांच के तरीकों की जानकारी भी दी जा रही है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को इतना जागरूक करना है कि वे खुद भी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सजग रह सकें।

**इसलिए जरूरी है दूध की जांच-** दूध ऐसी खाद्य सामग्री है, जिसका इस्तेमाल छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक लगभग हर उम्र के लोग करते हैं। ऐसे में इसकी गुणवत्ता सीधे परिवार की सेहत और रोजमर्रा की खाद्य सुरक्षा से जुड़ी है। बाजार में दूध की बढ़ती मांग के बीच उसकी गुणवत्ता की निगरानी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

### दूध के भाव बढ़ाने की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

- दूध के भाव बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को दूध उत्पादक किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि लगातार बढ़ती लागत और पानी की समस्या के बावजूद दूध के दामों में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है।
- किसानों ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा से करीब एक घंटे चर्चा कर अपनी समस्याएं रखी थीं, इसके बावजूद दूध के भाव यथावत रखे गए हैं। जनवरी से वे गांवों में टैंकरों के जरिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं, जिससे पशुपालन की लागत लगातार बढ़ रही है।
- किसानों ने दूध के मौजूदा भाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि निजी स्तर पर व्यापारियों के द्वारा 58 से 62 रुपये प्रति लीटर तक दूध खरीदा जा रहा है, ऐसे में किसानों को भी उचित भाव मिलना चाहिए।

---

# 13 सितंबर को रातभर खुला रहेगा खजराना गणेश का दरबार



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

गणेश चतुर्थी को लेकर जहां शहर में पंडाल सजाए जा रहे हैं और गणेश प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, वहीं खजराना गणेश मंदिर में भी गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर में होने वाले आयोजनों, भगवान के श्रृंगार, सजावट, प्रसाद और भोग, लाइटिंग, भक्तों की दर्शन व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था सहित अन्य तैयारियां की जा रही हैं।

इस बार भी गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश को सवा लाख मोदकों का भोग लगाया जाएगा। गणेशोत्सव का शुभारंभ 14 सितंबर को सुबह 10 बजे ध्वजा पूजन के साथ होगा। कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा और निगम कमिश्नर एवं मंदिर के प्रशासक क्षितिज सिंघल ध्वजा पूजन करेंगे।

सवा लाख मोदक बनाने का काम भी जल्द मंदिर परिसर में शुरू होगा। गणेशोत्सव के दौरान दूर-दूर से बड़ी संख्या में भक्त भगवान गणेश के दर्शन और आशीर्वाद के लिए मंदिर पहुंचते हैं। गणेशोत्सव से एक दिन पहले हरतालिका तीज को लेकर भी मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि 13 सितंबर को हरतालिका तीज पर मंदिर रातभर भक्तों के दर्शन के लिए खुला रहेगा। यानी मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि गणेशोत्सव पर हर साल मंदिर में भगवान गणेश को सवा लाख मोदकों का भोग लगाया जाता है।

---

# नामांतरण घोटाले में 6 निगमकर्मियों पर एफआईआर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर नगर निगम के चर्चित नामांतरण घोटाले में राज्य साइबर सेल ने एफआईआर दर्ज कर ली है। नगर निगम के संपत्तिकर खातों में बिना निर्धारित प्रक्रिया, सक्षम अधिकारी की अनुमति और वैध दस्तावेजों के मालिकों के नाम बदलने के मामले में छह कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। एफआईआर के अनुसार नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच करीब 354 संपत्तिकर खातों में अनधिकृत तरीके से नाम परिवर्तन किए गए।

मामले में रियाज अंसारी, संजय यादव, सौरभ तिवारी, संतोष मालवीय, अजय सोलंकी और आउटसोर्स कर्मचारी सागर पंवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। हालांकि, इस पूरे मामले में जिन तत्कालीन उपायुक्तों की लॉगिन आईडी के दुरुपयोग की बात एफआईआर में सामने आई है, उन्हें आरोपी नहीं बनाया है। इसी तरह जांच के दौरान सामने आए दलालों के खिलाफ भी इस एफआईआर में कोई कार्रवाई दर्ज नहीं है।

एफआईआर में नगर निगम की जांच समिति और एमपी-सीईआरटी/एमपी-एसईडीसी की तकनीकी जांच का हवाला दिया गया है। इसमें करीब 354 संपत्तिकर खातों में निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत मालिकों के नामों में बदलाव किए जाने की बात सामने आई है। जांच में यह भी पाया गया कि नामांतरण और नाम सुधार की सामान्य प्रक्रिया का पालन किए बिना संपत्तिकर रिकॉर्ड में बदलाव किए गए। ये रिकॉर्ड नगर निगम के महत्वपूर्ण राजस्व और शासकीय अभिलेख हैं, इसलिए उनमें अनधिकृत बदलाव को गंभीर कार्यालयीन अनियमितता माना गया है।

---

### संख्या बढ़कर 14 हुई, तीन दिन से गुफा में थी शेरनी

# इंदौर जू में सुंदरी ने दिए 2 शावकों को जन्म

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

सफेद टाइगर के लिए देशभर में पहचान रखने वाले इंदौर के प्राणी संग्रहालय में अब शेरों का कुनबा भी लगातार बढ़ रहा है। जू की शेरनी सुंदरी ने दो शावकों को जन्म दिया है। दोनों शावक स्वस्थ हैं और फिलहाल अपनी मां के साथ ही हैं। इनके जन्म के बाद चिड़ियाघर में शेरों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। जू प्रबंधन के मुताबिक, सुंदरी पिछले करीब एक सप्ताह से नजर नहीं आ रही थी।

उसका जेस्टेशन पीरियड चल रहा था, इसलिए पहले से ही अंदाजा था कि वह जल्द शावकों



को जन्म दे सकती है। पिछले तीन-चार दिनों से उसके लगातार गायब रहने पर कर्मचारियों ने माना कि वह गुफा के अंदर प्रसव की तैयारी कर रही है। अब सामने आया है कि सुंदरी ने करीब तीन दिन पहले दो शावकों को जन्म दिया है।

जू प्रभारी उत्तम यादव ने बताया कि सुंदरी और दोनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। फिलहाल दोनों बच्चे सुंदरी के साथ ही हैं, इसलिए उनका जेंडर आइडेंटिफिकेशन नहीं किया गया है। जू प्रबंधन लगातार सुंदरी के व्यवहार और शावकों की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। शावकों के जन्म के बाद सुंदरी अपने बच्चों की अच्छी तरह देखभाल कर रही है। उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर कर्मचारियों को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इंदौर जू में शेरों का कुनबा पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रहा है। करीब आठ महीने पहले शेरनी मेघा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। अब सुंदरी के दो शावकों के जन्म के बाद यहां शेरों की संख्या 14 हो गई है। शेरों के कुनबे में लगातार हो रही बढ़ोतरी से जू स्टाफ में भी उत्साह है। इंदौर जू में लगातार नए आकर्षण जोड़कर दर्शकों को लुभाने की कवायद की जा रही है। कुछ दिन पहले यहां दुर्लभ सफेद हिरण ने भी जन्म लिया था, जिसे देखने के लिए दर्शकों में खासा उत्साह रहा। अब शेरनी सुंदरी के दो शावकों के जन्म से जू में आने वाले लोगों के लिए एक और आकर्षण बढ़ गया है।

---

### इंदौर कैंसर अस्पताल पहुंची लीनियर एक्सीलेटर मशीन, अत्याधुनिक रेडिएशन ट्रीटमेंट मिलेगा

# कैंसर कोशिकाओं को सटीक तरीके से करेगी नष्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

कैंसर मरीजों के इलाज के लिए बड़ी राहत की खबर है। इंदौर में 30 साल से जिस अत्याधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन का इंतजार था, वह अब शासकीय कैंसर अस्पताल पहुंच गई है।

33 लकड़ी के बॉक्स में मशीन के पार्टस पहुंचे हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज में नए कैंसर अस्पताल का निर्माण हो रहा है, यहां मशीन की स्थापना के लिए बंकर तैयार हो गए है। करीब 47 करोड़ रुपए की लागत वाली इस मशीन के शुरू होने के बाद कैंसर मरीजों को अत्याधुनिक रेडिएशन ट्रीटमेंट की सुविधा शासकीय अस्पताल में ही मिल सकेगी। अभी तक लीनियर एक्सीलेटर से रेडिएशन थेरेपी



कराने के लिए मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था।

आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज तो योजना के तहत हो जाता था, लेकिन अन्य मरीजों को करीब 50 हजार से 2 लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते थे। सरकारी अस्पताल में मशीन लगने के बाद निजी अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी।

अभी शासकीय अस्पताल में इस मशीन से इलाज का लाभ लेने के लिए मरीजों को एम्स भोपाल जाना पड़ रहा था, यहां मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण लंबा इंतजार भी करना पड़ता था।

नई इमारत में तैयार किया गया है विशेष बंकर लीनियर एक्सीलेटर मशीन को स्थापित करने के लिए कैंसर अस्पताल की नई इमारत में विशेष बंकर तैयार किया गया है। रेडिएशन से सुरक्षा के लिहाज से इस तरह का बंकर जरूरी होता है। मशीन के अस्पताल पहुंचने के बाद अब इसकी स्थापना और जरूरी तकनीकी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इसके बाद मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा। करीब दो माह में मशीन इंस्टाल हो जाएगी, जिसके बाद मरीजों को लाभ मिलने लगेगा। इंदौर के साथ ही भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा के मेडिकल कॉलेजों को भी लीनियर एक्सीलेटर मशीन मिलने की योजना है।

हर साल हजारों मरीज आते हैं, पुरानी मशीनों से हो रहा था इलाज शासकीय कैंसर अस्पताल में हर साल बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं।

### मशीन की इंस्टॉलेशन प्रोसेस शुरू

अधीक्षक डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि अस्पताल में दो बंकर बनाए गए हैं। इनमें से एक बंकर में लीनियर एक्सेलरेटर मशीन की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी बेस प्लेट लगाई जाएगी। इसके साथ इलेक्ट्रिफिकेशन वर्क, इंटीरियर और कुछ फाइनल फिनिशिंग का काम भी किया जाना है। ये सभी काम पूरे होने के बाद मशीन को मरीजों के इलाज के लिए शुरू किया जा सकेगा। लीनियर एक्सेलरेटर की सबसे बड़ी खासियत इसकी बहुत अधिक प्रिसाइज यानी सटीक रेडिएशन देने की क्षमता है। इसमें हम ट्यूमर के आसपास निर्धारित जगह पर रेडिएशन दे सकते हैं। अस्पताल में हर वर्ष 20 हजार मरीज इलाज के लिए भर्ती हो रहे हैं। अस्पताल में आसपास के क्षेत्रों के अलावा राजस्थान के झालावाड़, कोटा, गुजरात के मरीज भी इलाज के लिए आ रहे हैं।

### छात्र किराए से रह रहे हैं और हॉस्टल के पलंग पर बंधा मिला अधीक्षक का कुत्ता

**दतिया।** जहां गरीब छात्र भविष्य का सपना लेकर आते हैं, वहां सुविधाओं के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है। इंदरगढ़ के 80 सीटर शासकीय अनुसूचित जाति (एससी) बालक छात्रावास का सच तब उजागर हुआ, जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के धरने के बाद तहसीलदार दीपक यादव अचानक औचक निरीक्षण करने पहुंचे। गेट पर ताला लगा था। किसी तरह अंदर दाखिल हुए तो पूरे परिसर में सन्नाटा था। एक भी छात्र उपस्थित नहीं था। हैरान करने वाली बात यह थी कि एक छात्र के लोहे के पलंग पर अधीक्षक का पालतू विदेशी नस्ल का कुत्ता जंजीर से बंधा था और पास ही उसके खाने-पीने के बर्तन रखे थे। आटे की बोरियों में कीड़े बिलबिला रहे थे और सड़ी सब्जियों की बदबू इतनी भयानक थी कि अंदर खड़ा होना मुश्किल था। छात्र छात्रावास छोड़कर बाहर नाते-रिश्तेदारों या किराए के कमरों में रहने को मजबूर हैं। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अधीक्षक डॉ. डीआर राहुल ने प्रशासनिक अधिकारियों के फोन तक नहीं उठाए। इधर, मेंटेनेंस के करीब 40 लाख रुपए के बजट को ठिकाने लगाने और लीपापोती के आरोप लग रहे हैं।

### दादा की गोद में 11 साल की पोती का शव

**गुना।** गुना के जिला अस्पताल में 11 साल की बच्ची की मौत के बाद मंगलवार शाम परिजनों ने हंगामा कर दिया। सबसे मार्मिक तस्वीर तब सामने आई, जब बच्ची के दादा उसका शव गोद में लेकर वार्ड से नीचे आए और परिजन अस्पताल के बाहर सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। तहसीलदार के कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन माने और प्रदर्शन समाप्त कर दिया। बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम रूम में रखवा दिया गया है। बुधवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार का आरोप है कि महू गढ़ा गांव की दिव्या वंशकार को सुबह अज्ञात कीड़े ने काटा था और जिला अस्पताल लाने के बाद उसे कई घंटे तक इलाज नहीं मिला।

### जबलपुर में बीपीएल राशन में बड़ा फर्जीवाड़ा

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में बीपीएल राशन कार्ड की जांच में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। ऐसे 5 हजार से ज्यादा परिवार मिले हैं, जिनकी सालाना आय 6 लाख रुपए से अधिक है, इसके बावजूद वे कई सालों से गरीबी रेखा के राशन कार्ड पर सरकारी अनाज ले रहे थे। जांच के बाद प्रशासन ने इनके बीपीएल कार्ड निरस्त कर दिए हैं और संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जांच में 4 हजार 998 परिवार ऐसे मिले, जिनकी सालाना आय 6 लाख रुपए से अधिक है। वहीं 525 परिवारों में किसी सदस्य के पंजीकृत कंपनी का डायरेक्टर या अन्य पद पर होने की जानकारी मिली है। करीब 40 से 45 परिवार ऐसे भी सामने आए हैं, जिनकी सालाना आय 25 लाख रुपए से अधिक है और वे कारोबार के साथ जीएसटी भी जमा कर रहे हैं।

### पश्चिम भोपाल बायपास...:लंबाई 5.29 किमी घटी, लागत 792.35 करोड़ बढ़ी

**भोपाल।** राजधानी के प्रस्तावित पश्चिमी भोपाल बायपास का एलाइनमेंट बदलने से इसकी लंबाई 5.29 किमी कम हो गई है, जबकि लागत 792.35 करोड़ रुपए बढ़ गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में बायपास के संशोधित एलाइनमेंट और रिवाइज्ड एस्टीमेट को प्रशासनिक मंजूरी दी गई। अब 40.90 किमी के बजाय 35.61 किमी लंबा बायपास बनाया जाएगा। इसकी पहले मंजूर लागत 2,981.65 करोड़ रुपए थी, जो बढ़कर 3,774 करोड़ रुपए हो गई है। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के मुताबिक रातापानी क्षेत्र को टाइगर रिजर्व बनाए जाने, बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रावधानों के कारण एलाइनमेंट में बदलाव किया गया है। पुराने एलाइनमेंट में प्राचीन समसगढ़ शिव मंदिर भी आ रहा था। पर्यावरणीय संरक्षण के लिए अंडरपास की संख्या बढ़ाई गई है।

# जबलपुर समेत मध्यप्रदेश के 22 जिलों में आज भारी बारिश

## स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय; कल से भोपाल, ग्वालियर-उज्जैन पहुंचेगा; सतना में स्कूल-कॉलेज की छुट्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में स्ट्रॉन्ग मानसूनी सिस्टम सक्रिय है। इस वजह से कई जिलों में बाढ़ आ गई है। सतना में हालात सबसे ज्यादा बिगड़े हुए हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मंगलवार को रामघाट में करीब 400 दुकानें और 20-25 होटल डूब गए। भारी बारिश को देखते हुए सतना में सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ियों की 2 और 3 सितंबर को छुट्टी घोषित की गई है।

अगले दो दिन तक सतना, चित्रकूट में भारी बारिश की चेतावनी है। ऐसे में हालात सुधरने की संभावना कम है। क्टऊ(मौसम केंद्र) भोपाल के अनुसार, मंगलवार को सीधी, पन्ना, कटनी, उमरिया, डिंडौरी, मंडला और सिवनी में अति भारी बारिश का अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां 4 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सागर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, छतरपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, पांढुर्णा, मैहर, दमोह, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव है। वहीं, दक्षिणी हिस्से से एक ट्रफ भी गुजर रही है। ऊपरी हिस्से में मानसून ट्रफ सक्रिय है। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर बना हुआ है। अगले तीन दिन तक सिस्टम और भी मजबूत होगा।

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 2 सितंबर को पूरा पूर्वी हिस्सा तेज बारिश से तरबतर रहेगा। भोपाल व नर्मदापुरम संभाग के कुछ जिलों में तेज बारिश होगी। 3 सितंबर को सिस्टम आगे बढ़ेगा। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, नर्मदापुरम, रीवा और जबलपुर संभाग में असर दिखाई देगा।

### डैमों में 70 प्रतिशत से ज्यादा पानी आया

लगातार बारिश की वजह से प्रदेश के डैमों की स्थिति सुधरी है। अधिकांश डैम में 70 प्रतिशत तक पानी आ गया है। कुछ डैम के गेट तो खोल दिए गए हैं। इंदौर और उज्जैन संभाग के डैमों की स्थिति ठीक नहीं है। भोपाल के बड़ा तालाब में पानी का लेवल 1666.50 फीट तक पहुंच गया है। अब यह सिर्फ 0.30 फीट ही खाली है। बड़ा तालाब फुल भरने के बाद भदभदा डैम के गेट खुलेंगे। यहां से छोड़ा जाने वाला पानी कलियासोत डैम में पहुंचेगा और इसमें भी पानी का लेवल बढ़ जाएगा।

### अब तक 27.8 इंच बारिश

मौसम केंद्र की माने तो प्रदेश में अब तक 707.1 मिमी यानी, 27.8 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 31.2 इंच (791.7 मिमी) की तुलना में 3.1 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 11 प्रतिशत कम पानी गिरा है। पूर्वी हिस्से में 5% और पश्चिमी हिस्से में औसत से 16% बारिश कम हुई है।

### 40 जिलों में 2% से 55% तक कम बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 5% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, डिंडौरी, निवाड़ी में 2% से 55% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, दतिया, खंडवा, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 1% से 53% कम पानी गिरा है।

**15 जिलों में ज्यादा बारिश-** अनूपपुर, निवाड़ी, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, गुना, ग्वालियर, खरगोन, राजगढ़ और शिवपुरी में ही औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

# भोपाल में सीलिंग की कार्रवाई का विरोध, कोलार की दुकानें बंद रहेंगी

## सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त के पहले सप्ताह में सुनवाई की थी, पेश करेंगे रिपोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में चल रही सीलिंग कार्रवाई के विरोध में कोलार व्यापारी महासंघ ने बुधवार को बंद का आह्वान किया है। कोलार रोड के व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर विरोध जताएंगे। साथ ही सड़क पर उतरकर प्रदर्शन भी करेंगे।

कोलार तिराहे से गोल जोड़ तक सभी प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान किया है। इमरजेंसी सेवाएं जैसे मेडिकल, पेट्रोल पंप को छूट दी जाएगी। महासंघ के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सीलिंग की कार्रवाई गलत है। इससे व्यापारी सड़क पर आ गए हैं। इसलिए यह प्रदर्शन किया जाएगा। इधर, नगर निगम तीसरे दिन भी प्रतिष्ठान बंद करने की कार्रवाई करेगा। अब तक कुल 170 प्रतिष्ठान बंद कराए जा चुके हैं। हालांकि, इसे लेकर व्यापारी विरोध भी कर रहे हैं। मंगलवार को करीब चार घंटे तक उन्होंने रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन किया था। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले रहवासी विवेक त्रिपाठी ने कहा कि निगम सिर्फ दिखावे की कार्रवाई कर रहा है। बड़े और रसूखदारों को छोड़ रहा है। सिर्फ छोटे कारोबारियों पर ही कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर नाराजगी है। पूरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में देंगे।




भोपाल में आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध निर्माण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त के पहले सप्ताह में सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को बड़ा झटका देते हुए राज्य सरकार द्वारा गठित 10 सदस्यीय जांच समिति की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

साथ ही इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से दुकान संचालकों को मिले सभी राहत आदेश (स्टे ऑर्डर) निरस्त कर दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि उसके निर्देश पर चल रही जांच में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। इस दौरान नगर निगम को कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करना है। इसके चलते ही नोटिस और सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, पिछले चार दिन से व्यापारियों को नोटिस नहीं दिए गए हैं। अफसरों का कहना है कि नोटिस देने के बाद परीक्षण किया जा रहा है। निगम ने मुख्य मार्गों के दोनों ओर और उनसे जुड़ी गलियों में सर्वे शुरू किया है। नदी-तालाब किनारे, ग्रीन बेल्ट, बफर जोन और कैचमेंट एरिया में बने भवन प्राथमिकता से जांचे जाएंगे।

### भारी बारिश से 2-3 सितंबर को आंगनवाड़ी-स्कूल बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैहर

मैहर जिले में लगातार हो रही भारी बारिश और नदी-नालों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने विद्यार्थियों और छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए दो दिन की छुट्टी घोषित की है। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों को 2 और 3 सितंबर को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। प्रशासन के अनुसार, जिले में लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। नदी और नालों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। ऐसे में आवागमन प्रभावित होने के साथ बच्चों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है।

# मप्र में सब इंस्पेक्टर-सूबेदार के 507 पदों पर भर्ती, 9 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में पुलिस सब-इंस्पेक्टर और सूबेदार के 507 पदों पर भर्ती होगी। कर्मचारी चयन मंडल ने भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। आवेदन 9 सितंबर से शुरू होंगे और 23 सितंबर तक किए जा सकेंगे। भर्ती परीक्षा 28 अक्टूबर से दो पालियों में शुरू होगी। सबसे ज्यादा 312 पद उप निरीक्षक (जिला पुलिस बल) के हैं। इसके अलावा 81 पद सूबेदार और 69 पद उप निरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) के लिए हैं। बाकी पद आर्म्स, फोटो, फिंगरप्रिंट और अन्य तकनीकी शाखाओं के लिए तय किए गए हैं।ऑनलाइन आवेदन में संशोधन 28 सितंबर तक किया जा सकेगा।

सूबेदार और सब इंस्पेक्टर दोनों कैडर के लिए लेवल-9 के तहत 36,200 से 1,14,800 रुपए वेतनमान तय किया गया है। शासन के नियमानुसार अन्य भत्ते और सुविधाएं भी मिलेंगी। अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 500 रुपए परीक्षा शुल्क देना होगा। वहीं मप्र के निवासी ओबीसी, एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए शुल्क 250 रुपए तय किया गया है। कियोस्क के माध्यम से आवेदन करने पर 60 रुपए और अलग से आवेदन करने पर एमपी ऑनलाइन पोर्टल शुल्क 20 रुपए लगेगा। विभागीय उम्मीदवारों के लिए भी अलग परीक्षा शुल्क तय किया गया है।



### विशेष सशस्त्र बल एसआई के लिए केवल पुरुष पात्र

नियम पुस्तिका के अनुसार उप निरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) पद के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। अन्य पदों पर महिला अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित आरक्षण का प्रावधान रहेगा।

### आवेदन से पहले दस्तावेज और पात्रता जांच लें

अभ्यर्थियों को आवेदन से पहले शैक्षणिक योग्यता, आयु, आरक्षण श्रेणी, मूल निवास और अन्य जरूरी दस्तावेजों की पात्रता सुनिश्चित करनी होगी। दस्तावेज सत्यापन के दौरान निर्धारित प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य होगा। गलत जानकारी या पात्रता में कमी मिलने पर किसी भी चरण में उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

### आदिवासी बहुल गांवों से अस्पताल पहुंच रहे बीमार बच्चे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बालाघाट

जून के अंतिम सप्ताह से अब तक आदिवासी इलाकों में 27 मौतों के बाद भी बच्चों के बीमार होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। 24 घंटे में जिला अस्पताल में 132 बच्चे पहुंचे। इनमें बैहर और परसवाड़ा के मछुरदा, अडोरी, सोनगुड्डा, मोहनपुर, कोरका और कुंडेकसा गांवों के मलेरिया, खसरा, डायरिया और बुखार पीड़ित बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं जिला अस्पताल के पीआईसीयू और पीडियाट्रिक वार्ड में इलाज का संकट खड़ा हो गया। इन दोनों वार्डों में कुल 40 बेड हैं, जबकि सोमवार को 132 बच्चे भर्ती थे। जिसके चलते एक बेड पर दो से तीन बच्चों को भर्ती करके इलाज करना पड़ रहा है। वहीं नर्सिंग स्टाफ की कमी, मॉनीटर सहित अन्य उपकरणों के काम न करने की शिकायतें भी सामने आईं। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि जिला अस्पताल में 50 बेड बढ़ाकर 100 से अधिक बेड की व्यवस्था कर ली है।

## 4 घंटे झाड़ियों में पड़ी रही नवजात, चीटियां काटती रहीं

# रायसेन में रोने की आवाज सुनकर चरवाहा पहुंचा; डॉक्टर बोले- पानी से शरीर अकड़ा

### चरवाहे ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बुलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायसेन

रायसेन में मंगलवार को कटीली झाड़ियों और बारिश के पानी के बीच एक नवजात बच्ची मिली। बच्ची करीब 3 से 4 घंटे तक जंगल में पड़ी रही और चीटियां उसे काटती रहीं। उसके शरीर पर कटीली झाड़ियों से चोट के निशान भी मिले हैं। पानी में पड़े रहने से उसका शरीर अकड़ गया था। बच्ची को एसएनसीयू में भर्ती कर डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

घटना बम्हौरी तहसील के डुंगरिया खुर्द गांव की है। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे एक चरवाहा जंगल में पशु चरा रहा था। तभी उसे बच्ची के रोने की तेज आवाज सुनाई दी। आवाज का पीछा करते हुए वह कटीली झाड़ियों के पास पहुंचा तो वहां पानी के बीच



नवजात पड़ी मिली। आसपास कोई नहीं था। चरवाहे ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बच्ची को झाड़ियों से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बच्ची को पहले बम्हौरी उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर सिलवानी अस्पताल और फिर रायसेन जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के एसएनसीयू प्रभारी डॉ. आलोक राय ने बताया कि बच्ची के शरीर पर कटीली झाड़ियों से चोट के निशान हैं। बारिश के पानी में पड़े रहने से उसका शरीर अकड़ गया था। वह भूखी और कमजोर भी थी। फिलहाल एसएनसीयू में उसका इलाज चल रहा है और अगले 3 से 4 दिन डॉक्टर निगरानी करेंगे। डॉक्टर के अनुसार बच्ची का जन्म मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ होगा। आशंका है कि जन्म के कुछ समय बाद ही उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

बच्ची करीब 3 से 4 घंटे तक झाड़ियों और पानी के बीच पड़ी रही। बम्हौरी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह राजपूत ने बताया कि जहां बच्ची मिली, वह घना जंगल है और वहां जंगली जानवर भी आते-जाते हैं। ऐसे में नवजात को वहां छोड़ना जानलेवा हो सकता था। पुलिस ने अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जंगल और आसपास के गांवों में तलाश व पूछताछ की जा रही है।

## यंत्री बोले-टेंडर निरस्त करना प्रस्तावित, ट्रेकिंग पाथ से लेकर सीढ़ियां और कुर्सियां तक जर्जर

# 8.59 करोड़ खर्च के बाद भी कटना का सुर्खी डैम बदहाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटनी

कटनी शहर के सुर्खी डैम को एडवेंचर टूरिज्म हब और अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन केंद्र बनाने का करोड़ों रुपए का सपना अब तक अधूरा है। करीब नौ साल पहले 8.59 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई थी, लेकिन भारी बजट खर्च होने के बावजूद पर्यटन स्थल पर सुविधाओं के बजाय बदहाली नजर आ रही है।

जलाशय के प्राकृतिक नजारों का आनंद लेने और शहरवासियों के लिए ट्रेकिंग पाथ बनाया गया था। रखरखाव के अभाव और निर्माण की खराब गुणवत्ता के चलते इसमें जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के पानी और कीचड़ से फिसलन बढ़ गई है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यहां चलना जोखिम भरा हो गया है। डैम तक पहुंचने वाली सीढ़ियां भी खराब हो चुकी हैं। पर्यटकों के



बैठने के लिए लगाई गई कुर्सियां टूटकर बिखरी पड़ी हैं। परिसर में चारों तरफ झाड़ियां उग आई हैं। ऐसे में विकसित पर्यटन केंद्र के बजाय पूरा परिसर उपेक्षित नजर आ रहा है। योजना के तहत सुर्खी डैम को पिकनिक स्पॉट से आगे बढ़ाकर एडवेंचर स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित करने की तैयारी थी। यहां जेट स्की, बनाना बोट, पैरासेलिंग, जिपलाइन, वॉटर स्कूटर और वॉटर रोलर जैसी गतिविधियां शुरू करने की योजना थी। इससे बाहरी पर्यटकों की संख्या बढ़ने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद थी।

एडवेंचर गतिविधियां शुरू होना तो दूर, पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल हो चुकी हैं। निर्माण में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायतों के बाद जल संसाधन विभाग अब संबंधित ठेकेदार का टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई का दावा कर रहा है। मामले ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं था तो विभागीय इंजीनियरों और पर्यवेक्षकों ने समय रहते इसकी जांच क्यों नहीं की? निर्माण एजेंसी को भुगतान किस आधार पर किया गया? टेंडर निरस्त होने के बाद अधूरे काम को पूरा करने में कितना अतिरिक्त समय और सरकारी राशि खर्च होगी, यह भी बड़ा सवाल है।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि सुर्खी जलाशय में किए जा रहे कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य की बात सामने आई है। निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जल्द ही टेंडर निरस्त किया जाना प्रस्तावित है। योजना के तहत निर्धारित सभी जरूरी कार्य हर हाल में पूरे कराए जाएंगे।



# अपर ककैटो, ककैटो और पेहसारी का पानी तिघरा किया जाएगा शिफ्ट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

एक तरफ प्रदेश के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति है तो दूसरी तरफ ग्वालियर में कम बारिश से गर्मी में जल संकट का अनुमान है। अपर ककैटो, ककैटो और पेहसारी बांध में उपलब्ध पानी को तिघरा में शिफ्ट करने की कवायद शुरू हो चुकी है।

हालांकि, इस पानी को तिघरा में पहुंचाने के बाद भी बांध के पूरी क्षमता तक भरने की संभावना नहीं है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शिफ्टिंग से तिघरा में करीब दो महीने के अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी। तिघरा को फुल करने के लिए अब भी अच्छी बारिश जरूरी है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ वीरेंद्र यादव के मुताबिक वर्तमान में तिघरा का जलस्तर करीब 728.10 फीट है। बांध में उपयोगी पानी करीब 1923 एमसीएफटी बताया गया है। उपलब्ध पानी शहर की मौजूदा खपत के हिसाब से लगभग चार से साढ़े चार महीने के लिए पर्याप्त है। ऐसे में ककैटो समूह के बांधों से पानी शिफ्ट होने पर इसमें करीब दो महीने की और बढ़ोतरी हो सकती है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश-महुआ के साथ 2 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की सुरक्षा के लिए 2 पुलिसकर्मी तैनात करने का आदेश दिया। ये जवान अगले 30 दिन तक उनके कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र के दौरों में साथ रहेंगे। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की बेंच ने कहा कि भीड़ द्वारा परेशान किए जाने के आरोपों को देखते हुए सांसद को सुरक्षा देना जरूरी है। 30 दिन बाद राज्य सरकार रिपोर्ट देगी। मामले की अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी। महुआ के वकील कल्याण बंदोपाध्याय ने कहा कि वे अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से नहीं जा पा रही हैं और सांसद के तौर पर काम करने में भी परेशानी हो रही है। महुआ के वकील बंदोपाध्याय ने कहा कि 1 जुलाई को कालीगंज में भीड़ ने महुआ पर अंडे, आलू, टमाटर और पत्थर फेंके। उनका आरोप है कि पुलिस को पहले से जानकारी थी, फिर भी समय पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं बार-बार होंगी तो महुआ सांसद के तौर पर काम कैसे करेंगी। उन्होंने कहा कि सांसद का अपने क्षेत्र में जाना जरूरी है। वकील ने महुआ के फेसबुक लाइव का भी हवाला दिया, जिसमें घटना दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस और डीजीपी को पहले ही जानकारी दी गई थी, लेकिन पुलिस करीब तीन घंटे बाद पहुंची।

## अमेरिका का ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमलों की एक लहर पूरी की है। इनमें एयर डिफेंस साइट्स, रडार सिस्टम, समुद्री ठिकाने, माइन बिछाने की क्षमता और कम्युनिकेशन साइट्स शामिल हैं। इसके जवाब में ईरान ने जॉर्डन और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले का दावा किया है। कुवैत में भी ईरानी ड्रोन हमलों के बीच एयर डिफेंस सक्रिय की गई है, जबकि जॉर्डन ने 13 ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने का दावा किया है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ किसी समझौते की जरूरत नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिका का होर्मुज स्ट्रेट पर लगभग पूरा कंट्रोल है और ईरान की अर्थव्यवस्था ढह रही है। रूस कथित तौर पर ईरान को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाने की तकनीक गुप्त रूप से दे रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के बीच यह सीक्रेट प्रोग्राम 2023 से चल रहा है। इसका मकसद ईरान को ऐसी तकनीक विकसित करने में मदद करना है, जिससे क्रूज मिसाइलें आवाज की गति से कई गुना तेज उड़ सकें।

## नेपाल बाढ़ में अब तक 1127 लोगों की मौत, 4800 से ज्यादा की तलाश जारी

**काठमांडू।** नेपाल में बाढ़ के एक हफ्ते बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। आपदा में लापता लोगों की तलाश के बावजूद कई परिवारों को अपने परिजनों की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कई इलाकों में कीचड़ और मलबा जमा होने से राहत कार्य मुश्किल बना हुआ है। 26 अगस्त को आई बाढ़ के बाद अब तक 1127 शव बरामद किए गए हैं, इनमें से 9 शव भारत में मिले हैं। करीब 4800 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें 500 विदेशी नागरिक हैं। नेपाल में सड़क और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे कई चीनी नागरिक लापता हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, नेपाल में करीब 100 चीनी नागरिकों का अब तक पता नहीं चला है। नेपाल और चीन के प्रभावित परिवारों की मांग है कि उनके परिजनों की सही और स्पष्ट जानकारी दी जाए। एक नेपाली लड़की ने बताया कि इस आपदा में उसने अपने परिवार के 17 सदस्यों को खो दिया। बाढ़ प्रभावित बिदुर में विस्थापित परिवार अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं, लेकिन उन्हें अब भी दोबारा बाढ़ आने का डर सता रहा है।

## ट्रम्प ने बोइंग डील के लिए बांग्लादेश को शुक्रिया कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारीक रहमान को पत्र लिखकर बोइंग विमान खरीदने के फैसले के लिए धन्यवाद दिया है। बांग्लादेश पीएम तारिक रहमान के नाम से 31 अगस्त को लिखी इस चिट्ठी में ट्रम्प ने लिखा, प्रिय प्रधानमंत्री, मुझे बोइंग विमान खरीदने से संबंधित आपकी चिट्ठी मिली। मैं इस फैसले की बहुत तारीफ करता हूं। बोइंग आपको निराश नहीं करेगा और मैं भी इसे नहीं भूलूंगा। मैं आपसे मिलने का इंतजार कर रहा हूं। बांग्लादेश के पास अभी 14 बोइंग प्लेन हैं। बांग्लादेश ने अप्रैल 2026 में 14 नए बोइंग विमान का ऑर्डर भी दिया था।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने 30 अगस्त को बताया था कि ट्रम्प और रहमान के बीच बोइंग विमानों को लेकर बड़ी डील हुई है। इसके तहत बांग्लादेश 25 बोइंग विमान खरीदने की तैयारी में है। बांग्लादेश की बोइंग खरीद सिर्फ अपनी एयरलाइन का बेड़ा बढ़ाने की योजना नहीं है। इसका एक बड़ा मकसद अमेरिका के साथ व्यापार घाटा कम करना और अमेरिकी टैरिफ में राहत पाना भी है। इसी वजह से बोइंग विमान खरीदने का मुद्दा दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों से भी जुड़ गया है। जब अमेरिका ने बांग्लादेश के सामान पर 37% टैरिफ लगाने की बात कही, तो बांग्लादेश ने अमेरिका से ज्यादा सामान खरीदने की कोशिश शुरू की। इसी दौरान बोइंग से 25 विमान खरीदने की बात सामने आई। बाद में बांग्लादेश ने बोइंग के 14 विमानों का सौदा पक्का किया। इसकी कीमत करीब 3.7 अरब डॉलर है। इसमें 8 बोइंग 787-10, 2 बोइंग 787-9 और 4 बोइंग 737-8 मैक्स विमान शामिल हैं। पहला विमान नवंबर 2031 में मिलने की उम्मीद है। इस सौदे में अमेरिका का एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक भी मदद करेगा। बैंक लोन की व्यवस्था करेगा और बांग्लादेश सरकार इस लोन की गारंटी देगी। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में बांग्लादेश के अलावा कम से कम 6 देशों ने अमेरिका से बोइंग के विमान खरीदने का ऐलान किया है।

# उत्तराखंड में भारी बारिश, 12 मौतें:बिहार में बाढ़ का खतरा



### पटना जलमग्न; यूपी में गंगा एक्सप्रेसवे फिर धंसा, टढ के चित्रकूट में 400 दुकानें डूबीं

ब्रह्मास्त्र ›› देहरादून

उत्तराखंड में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश जारी है। मंगलवार को बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। नैनी झील का जलस्तर 88 फीट पार होने के बाद चैनल खोल दिए गए हैं। राज्य में 172 सड़कें बंद हैं। नैनीताल, बागेश्वर और देहरादून में आज ऑरेंज अलर्ट है। पांच जिलों में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद कर दिए गए हैं। इधर, बिहार में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। राज्य में गंगा-पुनपुन समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पटना में सुबह से बारिश हो रही है। मंगलवार को तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। भागलपुर में 100 साल पुराना दुर्गा मंदिर कटाव के चलते गंगा में समा गया, जबकि जहानाबाद में जाफरगंज पुल के करीब 2 फीट ऊपर से दरधा नदी का पानी बह रहा है।

उत्तर प्रदेश के सीतापुर में भारी बारिश के कारण दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। गाजीपुर में गंगा में नहाते समय दो नाबालिग बह गईं। उन्नाव में बारिश के बाद गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब 7 फीट गहरा गड्ढा हो गया। इस मानसून में गंगा एक्सप्रेसवे धंसने की यह दूसरी घटना है। वहीं बलिया में करीब 20 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। वहीं, मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में स्ट्रॉन्ग मानसूनी सिस्टम सक्रिय है। जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में भारी बारिश हो रही है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर है। रामघाट की करीब 400 दुकानें और 20-25 होटल डूब गए हैं। सतना में 2 और 3 सितंबर को स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

# तमिलनाडु के 52 मंदिरों में स्मार्टफोन बैन

### 5 में जमा होगा फोन; परिसर में सेल्फी और रील पर पांबदी, वीआईपी पर भी लागू होंगे नियम



ब्रह्मास्त्र ›› तमिलनाडु

तमिलनाडु सरकार ने राज्य के 52 प्रमुख मंदिरों में स्मार्टफोन ले जाने और इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। यह नियम मंगलवार से लागू हुआ है। नए नियम के मुताबिक, श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश से पहले स्मार्टफोन काउंटर पर जमा करना होगा।

इसके लिए हर फोन पर 5 रुपए चार्ज देना होगा। बिना कैमरे वाले मोबाइल फोन मंदिर के अंदर ले जाने की अनुमति होगी। हिंदू रिलीजियस एंड चैरिटेबल एंडोमेंट्स मंत्री रमेश ने यह जानकारी दी। यह फैसला 2 दिसंबर 2022 को मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच के आदेश के आधार पर जारी किए गए हैं। मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं, खासकर युवाओं द्वारा फोटो खींचने, रील बनाने और वीडियो रिकॉर्ड करने को लेकर लगातार चिंताएं जताई जा रही थीं।

मंत्री ने कहा कि जिन मोबाइल फोन में कैमरा नहीं है, उन्हें मंदिर के अंदर ले जाने की अनुमति होगी। नए नियम का उद्देश्य मंदिरों की पवित्रता और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना है। कांचीपुरम के प्रसिद्ध देवराजस्वामी-अथि वरदार मंदिर में मंगलवार सुबह 6 बजे से यह व्यवस्था शुरू कर दी गई। यहां फोन जमा करने के लिए दो कंप्यूटर ऑपरेटर और दो कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

हाईकोर्ट ने तिरुचेंदूर के अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया था।

इससे पहले भी मंदिरों को मोबाइल फोन ले जाने पर रोक लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे।

#### वीआईपी लोगों पर भी यही नियम लागू

मंदिर अधिकारियों को प्रवेश द्वार और मंदिर परिसर के बाहर मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। लाउडस्पीकर के जरिए भी श्रद्धालुओं को इस नियम की जानकारी देने को कहा गया है।

विभाग ने मंदिर परिसर में देवी-देवताओं की फोटो खींचने, वीडियो बनाने और धार्मिक अनुष्ठानों की रिकॉर्डिंग पर भी रोक लगाई है। वीआईपी, बड़ी हस्तियों और मशहूर लोगों की फोटो या वीडियो बनाने की भी इजाजत नहीं होगी।

## केदारनाथ में बारिश रुकी, यात्रा फिर शुरू; यूपी के चित्रकूट में बाढ़ से 80 घर गिरे



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

उत्तर भारत में तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड के देहरादून में एक कार बरसाती नदी में बह गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, एक लड़की को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मंगलवार तड़के से हो रही लगातार बारिश के कारण



अल्मोड़ा के उड़यूड़ा गांव में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से आया मलबा एक घर में घुस गया। घर में सो रहे तीन लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई। यहां दीवार गिरने से दो नेपाली मजदूरों की भी जान चली गई। नैनीताल के भीमताल में नाले के तेज बहाव में बहने से 4 साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ के पास झील से भी एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है।

वहीं, केदार घाटी में बारिश के चलते रोकी गई केदारनाथ यात्रा फिर शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ से 80 से ज्यादा कच्चे मकान गिर गए हैं। बिहार के जहानाबाद में दरधा नदी में अचानक पानी आने के कारण जाफरगंज पुल के ऊपर 2 फीट से ज्यादा पानी बह रहा है। असम के गुवाहाटी में दो अलग-अलग भूस्खलनों में शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इसी के चलते ये दोनों घटनाएं हुईं। खजुराहो में भारी बारिश के बाद रानेह फॉल्स का नजारा बेहद खूबसूरत हो गया है। तेज बारिश के चलते झरने में पानी का बहाव बढ़ गया है, जिससे यह जगह ह्यमिनी नियाग्राह्न जैसी नजर आ रही है। रानेह फॉल्स में पानी का जबरदस्त बहाव देखने को मिल रहा है। आसपास की क्रिस्टल जैसी चट्टानें झरने की खूबसूरती और बढ़ा रही हैं। बारिश के बाद बने इस शानदार नजारे को देखने के लिए पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। हालांकि तेज बहाव को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से सावधानी बरतना जरूरी है। उत्तराखंड में पिछले तीन दिनों से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारों की संभावना जताई है। देहरादून और टिहरी में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## यात्री ने चलती ट्रेन में बर्थ पर दीया जलाया, पैसेंजर को ट्रेन से उतारा



ब्रह्मास्त्र ›› भुसावल

हजरत निजामुद्दीन-मैसूर एक्सप्रेस में बर्थ पर दीया जलाने वाले 55 साल के यात्री को ट्रेन से उतार दिया गया। उसके खिलाफ पुलिस केस भी दर्ज हुआ है। यह घटना 31 अगस्त को ट्रेन नंबर 12782 में हुई। दरअसल, शिकायत मिलने के बाद टीटीई कोच में पहुंचे। यात्री की बर्थ पर जलता दीया और उसके पास माचिस, पीतल का दीया और स्टील का कंटेनर मिला। टीटीई ने उसे दीया बुझाने को कहा और आग के खतरे के बारे में बताया।

यात्री ने कहा कि वह पूजा पूरी करने के बाद दीया बुझाएगा। टीटीई ने घटना का वीडियो बनाया। इसके बाद यात्री को भुसावल स्टेशन पर उतार दिया गया।

रेलवे ने यात्रियों से ट्रेन में ज्वलनशील सामान न ले जाने की अपील की है। साथ ही दीया, मोमबत्ती और अगरबत्ती न जलाने को कहा है, क्योंकि इससे आग लग सकती है।

रिलीज के अनुसार, मंगलवार को यात्री के खिलाफ रेलवे एक्ट, 1989 की धारा 153 और 145(बी) के तहत केस दर्ज किया गया। फिलहाल उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 35(सी) के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया।

#### रेलवे एक्ट की धारा 153

यह यात्रियों की सुरक्षा खतरे में डालने वाले कामों से जुड़ी है। इसके तहत अधिकतम 5 साल तक की जेल हो सकती है।

#### रेलवे एक्ट की धारा 145(बी)

यह ज्वलनशील सामान ले जाने या इस्तेमाल करने से जुड़ी है। इसमें रेलवे परिसर से हटाने, 5 हजार रुपए तक जुमार्ने और कुछ मामलों में 5 साल तक जेल का प्रावधान है।

## विजय ने 40 हजार का सनग्लास उतारकर बुजुर्ग को पहनाया



ब्रह्मास्त्र ›› तमिलनाडु

तमिलनाडु के सीएम विजय ने मंगलवार को मेट्टूर में कावेरी डेल्टा जिलों में सिंचाई के लिए मेट्टूर डैम के गेट खोले। सलेम जाते समय वे चिन्नागवुर में बुजुर्ग महिला चेल्लम के घर गए।

विजय ने चेल्लम से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। इसी दौरान उन्होंने अपना डियोर का सनग्लास उतारकर चेल्लम को दे दिया। इसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है। चेल्लम ने सनग्लास पहनकर अभिवादन किया और कहा कि विजय को अचानक सामने देखकर वह हैरान रह गईं। विजय उन्हें फिल्मी हीरो जैसे लगे।

विजय ने उनसे पूछा कि उन्होंने खाना खाया या नहीं। चेल्लम ने बताया कि वह उनका इंतजार कर रही थीं। विजय ने उन्हें खाना खाने को कहा और बताया कि वह खुद खाना खा चुके हैं। विजय का यह दौरा पहले से तय नहीं था। मेट्टूर से एयरपोर्ट जाते समय वे खेत के पास रुके और बुजुर्ग महिलाओं से मिले। विजय किसान पलानीसामी के पशु शेड में गए और लोगों से बातचीत की। उन्होंने चेल्लम को साड़ी और किसानों को सिल्क की धोती-साड़ियां दीं। 15 मिनट के इस दौरे का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। उन्होंने कहा कि अगर कोई विजय को नुकसान पहुंचाएगा तो वह उनका बचाव करेंगी।

# चारधाम यात्रा में इस साल अगस्त में 2.31 लाख यात्री पहुंचे

### 4 साल में सबसे ज्यादा; बद्रीनाथ में सबसे ज्यादा 1.25 लाख श्रद्धालु आए

उत्तराखंड में अगस्त माह में बारिश भूस्खलन के बीच चारधाम यात्रा की रफ्तार ने नया रिकार्ड बनाया है। बीते चार वर्ष में यह पहला मौका है जब अगस्त में चारधाम में सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। इस साल बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में कुल 2,31,518 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

बद्रीनाथ धाम में सबसे ज्यादा 1.25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। तीन साल बाद केदारनाथ में भी इस अगस्त में सबसे ज्यादा शिव भक्त पहुंचे। कोरोनाकाल के बाद अगस्त 2022 में चारधाम में 2 लाख 67 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे।

इस साल 19 अप्रैल से शुरू उत्तराखंड चारधाम यात्रा की



रफ्तार जुलाई में सुस्त रही, लेकिन अगस्त में तेज बारिश, बंद हाईवे और कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाओं के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या का रिकॉर्ड बना। चारधाम यात्रा में बीते साल की तुलना में इस बार अगस्त माह में 93,680 और 2024 के मुकाबले 1,18,502 यात्री ज्यादा पहुंचे।

उत्तराखंड में सिखों के पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब में अगस्त 2026 में रिकार्ड 67863 श्रद्धालु पहुंचे। 1 जून से शुरू हुई यात्रा में अभी तक 2.89 लाख श्रद्धालु आ चुके हैं। बीते वर्ष पूरे सीजन में 2 लाख 74 हजार श्रद्धालु आए थे। 40 दिन पहले ही रिकॉर्ड टूट गया है।

### चारधाम यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवा का दूसरा चरण 15 सितंबर से शुरू

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवा का दूसरा चरण 15 सितंबर से शुरू होगा। उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुताबिक, मानसून कमजोर होने के बाद मौसम हेलिकॉप्टर उड़ानों के लिए सुरक्षित रहने की उम्मीद है। यह फैसला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर लिया गया है। हेलिकॉप्टर सेवा की सुरक्षा के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय, अअक और ऊ्रूअ के साथ तालमेल किया जा रहा है। सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट और सीतापुर में अळउ व्यवस्था की गई है। बद्रीनाथ में जल्द अळउ बनाने की योजना है, जबकि केदारनाथ में 2027 की यात्रा से पहले स्थापित किया जाएगा।

## हथिनीकुंड बैराज में सेना की बोट डूबी, 2 जवान लापता, 3 बचाए गए

हरियाणा के यमुनानगर जिले में हथिनीकुंड बैराज के पास मंगलवार शाम यमुना नदी में सेना की बोट डूबने से लापता दो जवानों का 15 घंटे बाद पता नहीं लग पाया है। मंगलवार शाम को 5 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन रात भर चला। हेलिकॉप्टर से भी निगरानी की गई।

हरियाणा के अलावा यूपी की रऊ्रूह टीमें भी जुटी हैं। लोकल गोताखोरों को भी लगाया गया है। बैराज से निकलने वाली पूर्वी और पश्चिमी यमुना नहर के किनारों पर सर्च लाइटों के जरिए निगरानी की गई। आज नहरों में पानी की सप्लाई कम कर-के दोबारा कोशिश होगी।

सेना के वन पैरा स्पेशल फोर्स का बाढ़ बचाव अभ्यास यह हादसा हुआ था। हादसे में सेना के पांच जवान पानी में डूबने लगे थे। इनमें से तीन जवान करीब 600 मीटर तक तेज बहाव में तैरकर पश्चिमी यमुना नहर (डब्ल्यूजेसी) के गेट से बाहर निकलने में सफल रहे थे। लापता जवानों की पहचान महाराष्ट्र निवासी आर्यन पाटिल और जम्मू-कश्मीर के अखनूर निवासी अजय के रूप में हुई है।

■ वर्ष-12 अंक-299 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

**प्रियवाक्य प्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तव:।**
**तस्मात तदैव वक्तव्यम वचने का दरिद्रता।।**

**भावार्थ :** मधुर वचन कहने से ही सभी जीव तृप्त होते हैं, इसलिए मधुर वचन ही बोलना चाहिए। इस तरह के शब्द कहना कितना कंजूस है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 02 सितम्बर, 2026

**अबन्धुर्बन्धुतामेति नैकट्याभ्यासयोगत:।**
**यात्यनभ्यासतो दूरात्स्नेहो बन्धुषु तानवम्।।**

**भावार्थ :** अजनबी भी बार-बार दोस्त बन जाते हैं। दूरियों के कारण न मिल पाना भी भाइयों के बीच प्रेम को कम करता है।

## सम्पादकीयम्

### यथार्थसुधारस्य अन्वेषणम्:

यथार्थसुधारस्य अन्वेषणम्: छात्राणां विश्वासं पुनः प्राप्तुं सर्वकारः चालयति कागदपत्रस्य लीकविरुद्धं विरोधान्दोलनानां मध्ये पीएम मोदी आश्वासनं दत्तवान् यत् सर्वकारः कठोरपरिहारं करिष्यति इति। तदनन्तरं केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलेन कागदस्य लीकविरोधीविधेयकस्य संशोधनस्य अनुमोदनं कृतम्, येन अस्य विषयस्य गम्भीरता बोधिता। द्रुतनिर्णयान् कृत्वा छात्राणां स्वरः श्रुतः इति आश्वासनं दातुं सर्वकारः प्रयतते। भाजपा विरोध गुरुवासरे रात्रौ प्रदत्तसन्देशे पीएम नरेन्द्रमोदी आश्वासनं दत्तवान् यत् तस्य सर्वकारः कागदपत्रस्य लीकविरुद्धं कठोरकार्यवाही करिष्यति। केवलं घण्टाभिः अनन्तरं केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलेन कागदस्य लीकविरोधीविधेयकस्य संशोधनस्य अनुमोदनं कृत्वा विषयस्य गम्भीरता प्रकाशिता। द्रुतनिर्णयस्य माध्यमेन छात्रान् प्रत्यययितुं सर्वकारः प्रयतते यत् तेषां चिन्ता अप्रमादः न अभवत्। एनटीए इत्यस्मिन् सुधारा:। कागजस्य लीक-प्रकरणेन अन्तिमेषु वर्षेषु यत् परिमाणं गृहीतं तत् दृष्ट्वा दोषिणां विरुद्धं कठोरतमं कार्यवाही अत्यावश्यकी अस्ति। परन्तु अवश्यं ज्ञातव्यं यत् देशे प्रायः नियमानाम् अभावात् अधिकं नियमानाम् प्रवर्तने एव आव्हानं भवति। एनटीए-सङ्घस्य दोषाः सीमितक्षमता च बहुवारं उजागरिता अस्ति; एतस्य संशोधनार्थं तत्कालं पदानि अवश्यं ग्रहीतव्यानि।

#### रानीदुर्गावतीविश्वविद्यालये भोजनालयस्य संचालनस्य विवादः

## कैन्टीन १०,००० कृते; अनुबन्धं विना परिचालनस्य कारणेन मुद्दा प्रकाशं प्राप्तवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



रानीदुर्गावतीविश्वविद्यालये भोजनालयस्य संचालनस्य विवादः केवलं किरायादरात् परं गतः। भोजनालयस्य संचालनस्य अनुमतिः-प्रायः ४,००० वर्गफीट् व्याप्तः-प्रारम्भे ५,०००, अनन्तरं प्रतिमासं १०,०००, तदपि औपचारिकसन्धिं विना, विश्वविद्यालयस्य प्रशासनिकव्यवस्थायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः अस्य विषयस्य प्रकाशनानन्तरं विश्वविद्यालयप्रशासनेन सम्पूर्णप्रक्रियायाः अन्वेषणं कर्तुं निर्णयः कृतः अस्ति। निविदातः कायार्देशात् आरभ्य किरायानिर्धारणपर्यन्तं दस्तावेजाः अधुना निरीक्षणे सन्ति।

पूर्वं भोजनालयस्य संचालनं स्थानीयमहिलासमूहेन कृतम् आसीत्। समूहस्य कार्याणि त्यक्त्वा कतिपयानां विश्वविद्यालयस्य अधिकारिणां भूमिकायाः विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः। तदनन्तरं त्वरया कस्मैचित् व्यक्तिं प्रति कायार्देशः निर्गतः इति आरोपः अस्ति। उल्लेखनीयं यत् एतस्य कायार्देशस्य अभावेऽपि सम्बन्धितपक्षेण सह कोऽपि कानूनी अनुबन्धः न निष्पादितः। इदानीं एषः विशिष्टः बिन्दुः अन्वेषणाय महत्त्वपूर्णः इति मन्यते।

विश्वविद्यालयपरिसरस्य अन्तः अन्येषां किरायादराणां तुलने भोजनालयस्य विषयः अपि प्रश्नान् उत्थापयति। परिसरे प्रायः १२०० वर्गफीट् क्षेत्रे स्थितः एकः बैंकः २५,००० मासिकं किराया ददाति। तस्य विपरीतम् प्रतिमासं केवलं १०,००० मूल्येन ४,००० वर्गफुटपरिमितस्य भोजनालयस्य संचालनस्य अनुमतिः इति निर्णयेन प्रशासनिक आक्षेपाः उत्पन्नाः अन्येषु शब्देषु, क्षेत्रफलस्य त्रिगुणाधिकं अन्तरं भवति चेदपि भोजनालयात् प्राप्तं किराया बैंकेन यत् धनं ददाति तस्मात् महत्त्वपूर्णतया न्यूनं भवति।

प्रकरणं ज्ञात्वा कुलपतिः प्रो.राजेशकुमारवर्मा इत्यनेन तत्कालीननिबंधकराजेन्द्रबाघेलः, सहायकनिबंधकपवनसाहू च स्पष्टीकरणं याचितम्। तेषां कृते स्पष्टीकर्तुं कथितं यत् भोजनालयस्य संचालनार्थं कायार्देशः केन आधारेण अनुबन्धं विना निर्गतः, किरायानिर्धारणाय का प्रक्रिया अनुसृता इति। विश्वविद्यालयप्रशासनं प्रदत्तव्याख्यानेन सन्तुष्टं न जातम् इति कथ्यते, येन विषये विस्तृतजाँचः करणीयः इति निर्णयः अभवत्। प्रशासनिकस्तरस्य जिज्ञासायाः व्याप्तिः केवलं किरायानि किमर्थम् एतावत् न्यूनं निर्धारितम् इति निश्चयं कर्तुं सीमितं नास्ति। समितिः अपि परीक्षयिष्यति यत् भोजनालयस्य संचालनार्थं निविदाप्रक्रिया अनुसृता आसीत् वा; यदि एवम् अस्ति तर्हि के पक्षाः भागं गृहीतवन्तः, केन आधारेण दराः निर्धारिताः, कायार्देशं निर्गच्छन्तानाम् अधिकारिणां तादृशनिर्णयस्य अधिकारः आसीत् वा इति तदतिरिक्तं अनुबन्धं विना कार्यं कर्तुं अनुमतिं दातुं प्रक्रिया अन्वेषणस्य महत्त्वपूर्णः भागः भविष्यति।

विश्वविद्यालयप्रशासनेन अस्य विषयस्य अन्वेषणार्थं बाह्यशिक्षकैः सह समितिः निर्मितवती, येन जाँचस्य निष्पक्षता अप्रश्नानि एव तिष्ठति इति सुनिश्चितं भवति। २० जुलै दिनाङ्के निर्गतस्य आदेशस्य अन्तर्गतं खरगोनस्य क्रांतिसूर्यतंत्यभिलविश्वविद्यालयस्य कुलपतिः प्रो.एम.एल.कोरी इत्ययं समितिस्य अध्यक्षत्वेन नियुक्तः अस्ति महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उभौ शिक्षाविदौ भोजनालयसम्बद्धां सम्पूर्णप्रक्रियायाः स्वतन्त्रतया परीक्षणं करिष्यतः। समितिः निविदा, किरायानिर्धारणं, कायार्देशः, अनुबन्धः, सम्बन्धिताधिकारिणां भूमिका च इति विषये दस्तावेजानां परीक्षणं करिष्यति। तदनन्तरं समितिः विश्वविद्यालयप्रशासनाय स्वप्रतिवेदनं प्रस्तौति।

#### अन्वेषणस्य अन्यः

## तृप्तेः कथित जीवनशैल्याः विषये अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अन्वेषणस्य अन्यः पक्षः तृप्तेः कथितजीवनशैल्याः विषये अस्ति। महत् इत्यादीनि विलासिनीवस्तूनि सन्ति इति पुलिसैः लक्षितम् अस्ति। अन्वेषणसंस्थानां शङ्का अस्ति यत् उच्चस्तरीयवस्तूनाम्, सर्वकारीयपदस्य वेषस्य, वीआईपी-व्यक्तित्वस्य च संयोजनेन एतादृशी धारणा निर्मितवती यत् अन्ये तस्याः दावासु सहजतया विश्वासं कुर्वन्ति स्म एतेषां वस्तूनाम् स्रोतः, तेषां क्रयणार्थं प्रयुक्तस्य धनस्य उत्पत्तिः च ज्ञातुं पुलिसाः प्रयतन्ते।

अन्वेषणे ९.८० लक्षरूप्यकाणां कथितं धोखाधड़ी अपि अन्तर्भवति। भुक्तिविधिः, धनस्य उपयोगः कथं कृतः, अन्ये वित्तीयव्यवहाराः अभवन् वा इति निर्धारयितुं पुलिस कार्यं कुर्वती अस्ति। यदि अग्रे व्यवहाराः अतिरिक्ताः पीडिताः वा प्रकाशं प्राप्नुवन्ति तर्हि प्रकरणस्य व्याप्तिः विस्तारितुं शक्नोति। तृप्तेः कथितेन नकलीपरिचयेन प्रभाविताः भवितुम् अर्हन्ति इति व्यक्तिनां विषये अपि पुलिसाः सूचनां संग्रहयति। तृप्तेः-अधिकारी इति दावा अपि अन्वेषणस्य केन्द्रकेन्द्रं वर्तते। तस्याः कथितस्य आधिकारिकस्थितेः प्रमाणीकरणार्थं के दस्तावेजाः वा परिचयप्रपत्राणि वा प्रस्तुतानि इति पुलिसैः निश्चयं कर्तुं प्रयतते। तदतिरिक्तं मध्यप्रदेशपर्यटनविभागे पदेन सह सम्बद्धस्य परिचयस्य उपयोगः कथं कृतः इति ते अन्वेषणं कुर्वन्ति। प्रत्यक्षतया परोक्षतया वा कस्यचित् सर्वकारीयकार्यालयस्य, अधिकारीणां, विभागस्य वा नाम आह्वानं कृतम् इति स्पष्टीकर्तुं पुलिसस्य उद्देश्यम् अस्ति। नकली सीबीआई काड् प्राप्तेः अनन्तरं अन्वेषणं केवलं धोखाधड़ीप्रकरणे एव सीमितं नास्ति। कार्डस्य निमार्णे, मुद्रणे, आपूर्तिं वा कर्तुं केनचित् व्यक्तिः भूमिकां निर्वहति वा इति पुलिस अन्वेषणं कुर्वती अस्ति। तथा च अन्वेषणे जालपत्राणि कुत्र निर्मिताः, तेषु सर्वकारीयसंस्थानां नामचिह्नानि च कथं प्रयुक्तानि इति विषयः अस्ति यदि एतेषां।

## अर्थव्यवस्था द्रुतगतिः निर्वाहयति; भारतस्य वृद्धिदरः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

भारतस्य अर्थव्यवस्थायाः तीव्रवृद्धिप्रक्षेपवक्रता निरन्तरं वर्तते। २०२६-२७ वित्तवर्षस्य प्रथमत्रिमासे (एप्रिल-जून) ७.८ प्रतिशतं वृद्धिः अभवत्। गतवर्षस्य अस्मिन् एव काले ६.९ प्रतिशतं वृद्धिदरात् एतत् ०.९ प्रतिशताङ्कं अधिकम् अस्ति। सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मन्त्रालयेन सोमवासरे एतां सूचनां प्रकाशितवती। सरकारीतथ्यानुसारं २०२६-२७ वित्तवर्षस्य प्रथमत्रिमासे नाममात्रं सकलराष्ट्रीयउत्पादवृद्धिः १०.३ प्रतिशतं आसीत्, यदा तु २०२५-२६ वित्तवर्षस्य प्रथमत्रिमासे ८.१ प्रतिशतं आसीत् २०२६-२७ तमस्य वर्षस्य प्रथमत्रिमासे वास्तविकसकलमूल्यवर्धितस्य।

## राशिफल

**मेष :** काम पर आपकी मेहनत प्रोफाइल में मूल्य जोड़ेगी। धन और स्वास्थ्य दोनों सकारात्मक रहेंगे।

**वृषभ :** नए प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए दिन बेहद अच्छा है। पर्सनल और फाइनेंशियल मामले में विकास हो सकता है।

**मिथुन :** धन-लाभ के योग हैं लेकिन खर्च भी बढ़ सकता है। आपके दोस्त मददगार सपोर्ट व नए नजरिए दे सकते हैं।

**कर्क :** किसी दोस्त के साथ वाद-विवाद हो सकता है। रिलेशनशिप में छोटी-मोटी अनबन को आज सही सुलझा लें।

**सिंह :** धन आगमन होगा। लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप वालों की मुलाकात अपने पार्टनर से हो सकती है।

**कन्या :** कन्या जातकों को आज के दिन सेहत से जुड़ी कोई गंभीर समस्या परेशान नहीं करेगी।

**तुला :** जो लोग बिजनेस कर रहे हैं, उन्हें आज पैसों के मामले में किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहिए।

**वृश्चिक :** खर्चे पर पकड़ बनाना बहुत जरूरी है। प्रेम जीवन में थोड़ी दूरी महसूस हो सकती है, लेकिन पहल करने से स्थिति सुधरेगी।

**धनु :** व्यापारियों को आज निवेश करने से बचना चाहिए। काम में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर :** करियर की बात करें तो आपकी मेहनत जल्द ही रिजल्ट दिखने वाली है। यात्रा के योग हैं।

**कुंभ :** आज अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने की सलाह दी जाती है। पैसों के मामले में भाग्य आपके साथ है।

**मीन :** धन के मामले में दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में किसी की बात आपको भावुक कर सकती है, लेकिन तुरंत प्रतिक्रिया न दें।

### ज्योतिष/वास्तु

## 2 सितंबर को शनि-शुक्र बनाएंगे षडाष्टक योग, 3 राशियों को करियर में सावधानी जरूरी

2 सितंबर को शनि और शुक्र के षडाष्टक योग का असर कुछ राशियों के करियर पर पड़ सकता है। जानें किन 3 राशियों को नौकरी और कार्यक्षेत्र में सावधानी बरतनी होगी।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 2 सितंबर को शुक्र ग्रह अपनी राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में गोचर करेंगे। वहीं, शनि इस समय मीन राशि में विराजमान हैं। ऐसे में शुक्र और शनि के बीच षडाष्टक योग का निर्माण होगा। ज्योतिष में षडाष्टक योग को सामान्यतः शुभ नहीं माना जाता है और इसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों पर देखने को मिल सकता है। इस योग के कारण कई राशियों के जातकों को करियर और कार्यक्षेत्र में कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी करने वालों को काम के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी, वहीं कारोबारियों को भी महत्वपूर्ण फैसले सोच-समझकर लेने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा स्वास्थ्य के मामले में भी लापरवाही से बचना जरूरी होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस दौरान शनि शुक्र से छठे भाव में और शुक्र शनि से आठवें भाव में स्थित रहेंगे। आइए जानते हैं किन 3 राशियों पर इस षडाष्टक योग का सबसे अधिक प्रभाव पड़ सकता है।



**मेष राशि-** षडाष्टक योग का असर मेष राशि वालों के कार्यक्षेत्र पर देखने को मिल सकता है। इस दौरान आपको ऑफिस में सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाकर चलने की जरूरत होगी, क्योंकि छोटी-सी बात भी विवाद का कारण बन सकती है। काम को लेकर किसी तरह की लापरवाही या जल्दबाजी न करें, वरना आपकी मेहनत पर सवाल उठ सकते हैं और वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आपकी छवि प्रभावित हो सकती है। इसलिए हर जिम्मेदारी को समय पर और पूरी गंभीरता के साथ पूरा करने का प्रयास करें। सेहत के लिहाज से भी यह समय थोड़ा सावधानी बरतने वाला रहेगा। अधिक तनाव लेने की वजह से सिरदर्द, थकान या बेचैनी जैसी परेशानी महसूस हो सकती है। काम के बीच पर्याप्त आराम करें और अपनी दिनचर्या को संतुलित रखने की कोशिश करें। पारिवारिक जीवन में भी बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। गुस्से या जल्दबाजी में कही गई कोई बात रिश्तों में तनाव पैदा कर सकती है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए षडाष्टक योग के कारण कुछ ऐसे काम भी अटक सकते हैं, जिन्हें आप आसानी से पूरा होने की उम्मीद कर रहे थे। इसलिए किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले उसकी सही योजना बनाएं और परिस्थितियों को समझकर आगे बढ़ें। कार्यक्षेत्र में आज का काम कल पर टालने की आदत आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। कोशिश करें कि जरूरी जिम्मेदारियों को समय रहते पूरा कर लें, ताकि बाद में काम का दबाव न बढ़े। ऑफिस में होने वाली राजनीति और बेवजह की चर्चाओं से खुद को दूर रखना आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी दूसरे के विवाद में पड़ने से आपकी छवि प्रभावित हो सकती है। अपने काम और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और सहकर्मियों के साथ अनावश्यक बहस से बचें। स्वास्थ्य के मामले में गले में खराश, दर्द या हड्डियों से जुड़ी परेशानी महसूस हो सकती है। मौसम और खानपान को लेकर सावधानी बरतें।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए षडाष्टक योग आर्थिक और करियर के मामलों में कुछ चुनौतियां लेकर आ सकता है। खासतौर पर कारोबार करने वाले जातकों को किसी बड़ी रकम के लेन-देन या महत्वपूर्ण डील में जल्दबाजी से बचना चाहिए। कोई भी बड़ा आर्थिक फैसला लेने से पहले अनुभवी व्यक्ति या भरोसेमंद सलाहकार की राय लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिना पूरी जानकारी के निवेश या किसी सौदे में पैसा लगाने से नुकसान की स्थिति बन सकती है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में कुछ ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है, जो उनके लिए थोड़ी असहज रहेंगी। सहकर्मियों या अधिकारियों के साथ मतभेद होने की स्थिति में बहस करने के बजाय शांत रहकर अपने काम पर ध्यान देना बेहतर होगा। धैर्य बनाए रखेंगे तो धीरे-धीरे परिस्थितियां आपके पक्ष में आने लगेंगी। स्वास्थ्य की बात करें तो पेट से जुड़ी समस्या, गैस या जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां परेशान कर सकती हैं। खानपान पर ध्यान दें और शरीर को पर्याप्त आराम दें।

#### अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज के लिए टीम घोषित, अय्यर कप्तान; बुमराह की वापसी

## वैभव सूर्यवंशी भारत की टी-20 टीम में बरकरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। वैभव सूर्यवंशी को एक बार फिर टीम में जगह मिली है। श्रेयस अय्यर को ही कप्तान बनाया गया है, जबकि संजू सैमसन और ईशान किशन विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल हैं। सीरीज का पहला मैच 13 सितंबर को खेला जाएगा। इस सीरीज के सभी मुकाबले नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे।



**वैभव लगातार चौथी सीरीज के लिए टीम में शामिल-** युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी लगातार चौथी सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने गए हैं। उन्हें पहली बार आयरलैंड दौरे के लिए चुना गया था। लेकिन, डेब्यू का मौका नहीं मिला। इंग्लैंड दौरे पर डेब्यू करने के बाद वैभव जिम्बाब्वे दौरे पर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्हें तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। वे 6 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 193 रन बना चुके हैं। इनमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

**बुमराह 5 महीने बाद टी-20 इंटरनेशनल खेलेंगे-** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सहित 7 प्लेयर्स की टीम में वापसी हुई है। इनमें नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल शामिल हैं। बुमराह इंग्लैंड दौरे में वनडे सीरीज के दौरान घुटने की चोट के कारण बाहर हो गए थे। वे श्रीलंका दौरे पर नहीं गए थे। जसप्रीत ने आखिरी टी-20 मैच 8 मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। यह टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला था।

**जिम्बाब्वे दौरे पर गए 8 खिलाड़ी बाहर-** जिम्बाब्वे दौरे वाली भारतीय टीम में 8 बदलाव किए गए हैं। संजू सैमसन को दोबारा चुना गया है। वे जुलाई में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे।

### मिस्बाह-उल-हक ने सिलेक्शन कमेटी से इस्तीफा दिया, पाकिस्तान बोर्ड ने स्वीकार नहीं किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच में नेशनल सिलेक्शन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लाहौर की नेशनल क्रिकेट अकादमी में बैटिंग सलाहकार का पद भी छोड़ दिया। क्रिकइंफो के मुताबिक मिस्बाह ने ईमेल के जरिए बोर्ड को अपना इस्तीफा भेजा। हालांकि, पीसीबी ने अब तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। 52 साल के मिस्बाह का यह फैसला टेस्ट टीम और मैनेजमेंट में बड़े बदलाव के अगले दिन आया है। एक दिन पहले पीसीबी ने 7 खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया था। टीम ने हेड कोच सरफराज अहमद और बॉलिंग कोच उमर गुल को भी हटा दिया था। मिस्बाह को इसी साल मार्च में चार सदस्यों वाली की सिलेक्शन कमेटी में शामिल किया गया था। कमेटी में आकिब जावेद, सरफराज अहमद और असद शफीक भी हैं। मिस्बाह का पीसीबी के साथ साल में 180 दिन काम करने वाला बैटिंग सलाहकार का कॉन्ट्रैक्ट भी था। मिस्बाह ने पीसीबी में कई जिम्मेदारियां संभालीं। 2019 में उन्हें हेड कोच और चीफ सेलेक्टर की दोहरी जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने अक्टूबर 2020 तक इन पदों पर काम किया।



## साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 43 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका ने नामीबिया टी-20 ट्राई सीरीज के चौथे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 43 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम फाइनल के करीब पहुंच गई। अफ्रीका तीन मैचों में 4 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लुआन-ड्रे प्रिटोरियस के 94 रनों की मदद से टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.4 ओवर में 142 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने सिर्फ 51 गेंद पर 94 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 3 छक्के लगाए। प्रिटोरियस ने डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी की। जिम्बाब्वे की ओर से वेस्ली मधेवेरे सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

## कोहली के शरीर पर 12वां टैटू

### बाएं हाथ पर 5 सेशन के बाद भी काम अधूरा इसका पैटर्न बूंद गिरने से बनने वाली लहरों जैसा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विराट कोहली बाएं हाथ पर नया टैटू बनवा रहे हैं। यह उनके शरीर का टोटल 12वां टैटू है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे सीरीज से पहले उन्होंने अपने टैटू कलेक्शन में यह नया डिजाइन जोड़ा है। इसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

टैटू बाएं बाइसेप के पास बना है और पुराने डिजाइन से जुड़ता नजर आ रहा है। इसका पैटर्न पानी की सतह पर बूंद गिरने के बाद बनने वाली लहरों जैसा है। मुंबई में टैटू आर्टिस्ट एलन गोइस के मुताबिक, इसे बनाने के लिए अब तक 5 सेशन हो चुके हैं, लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है। आर्टिस्ट ने कोहली और अन्य टैटू आर्टिस्ट्स के साथ तस्वीरें भी शेयर की हैं। कोहली लंबे समय से टैटू को अपने व्यक्तित्व और जीवन के अलग-अलग पहलुओं से जोड़ते रहे हैं। उनके शरीर पर माता-पिता सरोज और प्रेम के नाम के टैटू हैं। इसके अलावा भगवान शिव और ओम से जुड़े डिजाइन भी उनके कलेक्शन का हिस्सा हैं। इस साल की शुरूआत में भी कोहली ने अपने हाथ पर बड़ा लोटस-इंस्पायर्ड डिजाइन दिखाया था। कोहली पहले से मौजूद टैटू को हटाने या पूरी तरह ढकने के बजाय उन्हें एक नए डिजाइन में जोड़ने पर काम कर रहे हैं।

## खबर एक नजर...

### चार लोगों ने युवक को बंधक बनाकर की मारपीट

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र की पानबिहार चौकी स्थित ग्राम राजूखेड़ा में रहने वाले प्रकाश पिता राजाराम चंदेल 20 साल को सोमवार रात 11 बजे ग्राम धन्नाखेड़ी में रहने वाले हाकमसिंह ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर बंधक बना लिया और घर में बंदकर जमकर मारपीट की। देर रात उसे जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। प्रकाश ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत घट्टिया थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने हाकम और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मंगलवार सुबह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है मामला रूपयों के लेनदेन से जुड़ा है। दोनों पक्ष बंजारा समाज के है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले में विवेचना कर रही है।

### मंदिर की छत पर पेड़ की डाल काटने चढ़ा बुजुर्ग गिरा

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम गुनाईखेड़ा से मंगलवार शाम भागीरथ पिता काशीराम 60 साल का परिवार के लोग घायल हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। कमर और हाथ-पैर में चोंट होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। परिजनों ने बताया कि घर में माताजी का मंदिर बना हुआ है। मंदिर की छत के पास नीम का पेड़ लगा है, जिसकी डाल से मंदिर का शिखर दिखाई नहीं दे रहा था। शाम को भागीरथ डाल काटने के लिये मंदिर की छत पर चढ़ा था, उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं था और लकवाग्रस्त भी है। अचानक चक्कर आने पर छत से करीब 12 फीट नीचे आ गिरे। घटनाक्रम की सूचना अस्पताल की ओर से पुलिस को दी गई है।

### चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला बदमाश पकड़ाया



**उज्जैन।** मक्सीरोड जय गुरुदेव आश्रम मार्ग श्री सिंथेटिक्स चौराहा पर सोमवार-मंगलवार रात बदमाश चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था। कुछ लोगों ने पंवासा थाना पुलिस को सूचना दी। प्रधान आरक्षक ब्रजनंदन मिश्रा और आरक्षक यशवंत मीणा मौके पर पहुंचे और बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ा, उसके पास से चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि बदमाश कान्हा उर्फ मुकेश पिता बंशीलाल मालवीय 20 साल निवासी शीतला माता की गली, पंवासा का रहने वाला है। उसके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है।

### ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खाकर किया जीवन समाप्त

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम लसुडिया में रहने वाले गंगाराम पिता केसरसिंह 55 साल ने जहरीला पदार्थ खाकर अपना जीवन समाप्त कर लिया। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि 2 दिन पहले परिवार के लोग गंगाराम को उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उपचार के दौरान मौत होने पर अस्पताल स्टॉफ की सूचना पर मर्ग कायम कर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। मामला माकडोन थाना क्षेत्र से जुड़ा होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि मृतक शराब पीने का आदी था और खेती का काम करता था। उसकी पत्नी और बेटा पास के मकान में रहते थे। उसने संभवतः नशे की हालत में कीटनाशक दवा का सेवन किया था।

### नाकोड़ा ट्रेडर्स संचालक के साथ 3 लाख की धोखाधड़ी

**उज्जैन।** सूरज नगर पार्श्वनाथ परिसर में रहने वाले संजय पिता चंद्रकांत जैन 56 साल घी मंडी में नाकोडा ट्रेडर्स नाम से दुकान संचालित करते है और कोल्ड्रिंग्स के सप्लायर है। 21 अगस्त को वह बैकिंग एप से ट्रांजेक्शन कर रहे थे। उसी दौरान मोबाइल हैक हो गया। वह कुछ समझ पाते उनके खाते से 27 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला। उन्होने ट्रांजेक्शन देखने का प्रयास किया लेकिन मोबाइल काम करना बंद कर चुका था। कुछ देर में एक के बाद एक पांच मैसेज और मिले। इस बीच उनके खाते से 3 लाख 28 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हो चुका था। उन्होने बैंक से संपर्क का खाता होल्ड कराया और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### नारायणा धाम में 2 सितंबर को निकलेगी शाही सवारी

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नारायणा धाम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के तहत 2 सितंबर को शाम 4 बजे शाही सवारी निकाली जाएगी। इसमें कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, महिदपुर एसडीएम अजय कुमार हिंगे और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कृष्ण पाथेय न्यास, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से 2 से 6 सितंबर तक कृष्ण पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत प्रतिदिन शाम 7 बजे से विभिन्न कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 190-0 | 249-5 |
| मेन बाजार | 150-6 | 189-8 |
| मिलन डे | 236-1 | 290-1 |
| मिलन नाइट | 479-0 | 478-9 |

3 5 9

---

शासन-संधारित मंदिरों की संख्या में उज्जैन सबसे आगे , जिले में 2536 मंदिर, - प्रदेश के 22 हजार मंदिरों के पास करोड़ों की संपत्ति

# महाकाल मंदिर का खजाना अब ऑनलाइन देख सकेंगे श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रद्धालु श्री महाकालेश्वर मंदिर का खजाना और संपत्ति आने वाले समय में आनलाईन देख सकेंगे। महाकाल मंदिर के पास इस वर्ष 142 करोड़ रुपए की संपत्ति सामने आने के बाद सरकार ने प्रदेश के 22,098 मंदिरों की डिजिटल कुंडली तैयार करने का काम शुरू किया है। इसमें मंदिर के नाम दर्ज जमीन, भवन और दूसरी चल-अचल संपत्तियों से लेकर पुजारी का नाम और संपत्ति पर कब्जे-अतिक्रमण की स्थिति तक दर्ज होगी।

आने वाले दिनों में महाकाल से लेकर रामराजा सरकार तक किस मंदिर के पास कितनी संपत्ति है, इसका पूरा हिसाब ऑनलाइन देखा जा सकेगा। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग यह डेटाबेस तैयार कर रहा है। इसे विभाग के पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाएगा। बता दें राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बाद मंदिरों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग जोरों से उठने लगी थी।

**रिकॉर्ड एक ही जगह देखा जा सकेगा-** हर मंदिर के डिजिटल रिकॉर्ड में उसका नाम, इतिहास, पुजारी का नाम, मंदिर के नाम दर्ज चल-अचल संपत्ति, जमीन का रकबा, संपत्ति की वर्तमान स्थिति और उस पर कब्जे या अतिक्रमण की स्थिति दर्ज होगी। इससे किसी मंदिर के नाम दर्ज संपत्ति का रिकॉर्ड एक ही जगह देखा जा सकेगा।

**4500 हेक्टेयर भूमि 1320 मंदिरों के पास-** प्रदेश के 1320 शासन-संधारित मंदिरों के नाम 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि दर्ज है। इन मंदिरों के पास कुल करीब 4500 हेक्टेयर कृषि भूमि है। इस जमीन को खेती के लिए देने की नीलामी संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा कराई जाती है। नीलामी से मिलने वाली राशि मंदिर के कोष में जमा होती है।





#### शासन संधारित मंदिरों में उज्जैन सबसे आगे

शासन-संधारित मंदिरों की संख्या में उज्जैन सबसे आगे है। जिले में 2536 मंदिर हैं। इसके बाद मंदसौर में 2236, रतलाम में 1653, नीमच में 1421, धार में 1320, इंदौर में 1225 और ग्वालियर में 1165 मंदिर सूचीबद्ध हैं।जिन शासन-संधारित मंदिरों के पास 10 एकड़ से कम कृषि भूमि है, उस जमीन के प्रबंधन की जिम्मेदारी संबंधित मंदिर के पुजारी के पास रहती है। डिजिटल डेटाबेस से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि मंदिर की जमीन का उपयोग किस तरह हो रहा है और उस पर किसी तरह का कब्जा तो नहीं है।

#### रिकॉर्ड में होंगे बड़े मंदिर

शासन-संधारित मंदिरों की सूची में बड़े और प्रसिद्ध मंदिरों के साथ छोटे मंदिर और देवस्थान भी शामिल हैं। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के आधिकारिक रिकॉर्ड में महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, राम मंदिर ओरछा (रामराजा सरकार), मां शारदा मंदिर मैहर, पीताम्बरा देवी मंदिर दतिया, खजराना गणेश मंदिर इंदौर, पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर और बिजासन माता मंदिर सलकनपुर जैसे प्रमुख मंदिर दर्ज हैं।

---

सायकल चलाते समय हादासा, चालक भागा

# ट्रेक्टर चालक ने 10 साल के छात्र को कुचला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कक्षा तीसरी में अध्ययन करने वाले 10 साल के छात्र को मंगलवार शाम ट्रेक्टर चालक ने कुचल दिया। छात्र के सिर में लगी गहरी चोंट से उसकी मौके पर मौत हो गई। चालक ट्रेक्टर-ट्राली छोड़कर भाग निकला।

चिमनगंज थाना आरक्षक अभिषेक राठौर ने बताया कि शाम को खबर मिली थी कि राज रायल कालोनी में ट्रेक्टर-ट्राली से दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, बच्चे को परिवार के लोग अस्पताल लेकर जा चुके थे। ट्रेक्टर-ट्राली दुर्घटनास्थल पर खड़ी थी, जिसका चालक भाग निकला था। घटनाक्रम की विवेचना करने पर सामने आया कि अस्पताल ले गये बच्चे का नाम सौरभ पिता शैलेन्द्र चावण्ड 10 साल निवासी राज रायल कालोनी है। कुछ देर में अस्पताल से खबर मिली कि बच्चे को मृत अवस्था में चरक अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने परिजनों से चर्चा की जानकारी ली तो पता चला कि सौरभ कक्षा तीसरी का छात्र था और शाम को घर के बाहर सायकल चला रहा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम जांच शुरू की है। बच्चे का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है, बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। ट्रेक्टर नम्बर से चालक का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। बताया जा रहा है कि एमआर-4 मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में उक्त ट्रेक्टर-ट्राली संचालित हो रही थी।



#### गरोठ ब्रिज के पास भी हुआ हादसा

मंगलवार शाम कानीपुरा मार्ग गरोठ ब्रिज के पास हादसा हुआ। बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। लोगों की मदद से बाइक सवार को अस्पताल लाया गया जहां उनकी मौत होना सामने आया। पहचान करने पर पता चला कि मृतक बाइक सवार आगररोड स्थित जनता नगर में रहने वाले कैलाश पिता नाथुदास बैरागी 65 साल है। परिजन जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंच गये थे। इस दौरान सामने आया कि कैलाश बैरागी शासकीय सेवानिवृत्त शिक्षक थे। उनका पुत्र निजी अस्पताल में मैनेजर है, परिवार मूलरूप से बडौद का रहने वाला है। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकड़े ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया, मामले की जांच जारी है।

# इंदौर खजराना पुलिस की महाकाल घाटी पर दबिश

### अपहरण-निकाह मामले में एक की गिरफ्तारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग के अपहरण और निकाह मामले में इंदौर खजराना थाना पुलिस की टीम ने मंगलवार शाम उज्जैन में दबिश मारी। निकाह कराने वाले को गिरफ्तार कर इंदौर ले जाया गया है।

इंदौर खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि थाना क्षेत्र की नाबालिग अगस्त माह में लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर कुछ दिन पहले नाबालिग का दस्तयाब किया और बयान दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि उज्जैन के रहने वाले सलमान इंदौर में नलिहाल है, वह बहला-फुसलाकर अपने साथ उज्जैन ले गया था। जहां मौलाना आरिफ नकवी ने उनका निकाह करा दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामला नाबालिग के अपहरण से जुड़ा होने पर सलमान को गिरफ्तार किया गया, जिससे पूछताछ के बाद मौलाना की जानकारी सामने आने पर उसकी तलाश में मंगलवार को उज्जैन में दबिश दी गई। मौलाना को नाबालिग का निकाह कराने के मामले में गिरफ्तार कर इंदौर लाया गया है। जहां पूछताछ की जा रही है। बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा। इधर स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आरिफ नकवी महाकाल घाटी पर ऑफिस भी चलता है। पूर्व में भी उसका विवादित मामलों में नाम सामने आ चुका है।

---

# रात 11 बजे कॉबिंग गश्त पर निकला पुलिस का अमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था को बनाये रखने और बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिये रात 11 बजे जिले में पुलिस का अमला कॉबिंग गश्त निकला। पिछले चार दिनों से पुलिस मैदान में दिखाई दे रही है। बदमाशों में कानून का खौफ दिखाई देने लगा है।

पिछले दिनों 26 अगस्त और 27 अगस्त की रात हुई 3 हत्या के बाद शहर का माहौल बिगड़ता दिखाई देने लगा था। इससे पहले 18 जुलाई को नीलगंगा क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड ने भी सनसनी फैला दी थी। पुलिस सावन माह में देशभर से आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त थी, जिसके चलते बदमाशों के हौंसले बुलंद होने लगे थे, लेकिन पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने सावन माह पूरा होते ही गुंडे-बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिये मैदान संभाल लिया है। पिछले तीन दिनों से शहर में सख्त चैकिंग अभियान, संदिग्धों की धरपकड़, चाकूबाजों के जुलूस निकाले जा रहे थे। जिले में रात 11 बजे बाद बाजार बंद कराया जा रहा था, वहीं मंगलवार रात 11 बजे अभियान को आगे बढ़ाते हुये पूरे जिले में पुलिस का अमला पुलिस कप्तान के निर्देशन में कॉबिंग गश्त पर निकल पड़ा। पुलिस द्वारा रात में स्थाई और गिरफ्तार वारंटियों की तलाश में उनके घरों पर दबिश दी जा रही थी। हर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशिटर बदमाशों को चैक किया जा रहा था, संपत्ति संबंधित अपराधियों को चैक कर उनकी गतिविधियों की जानकारी एकत्रित की जा रही थी। सड़कों पर देर रात घूमने वालों से पूछताछ की जा रही थी। संदेह होने पर हिरासत में लेकर थाने भेजा जा रहा था। गश्त में शामिल पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तड़के चार बजे तक पुलिस द्वारा कॉबिंग अभियान चलाया जायेगा। शहर के साथ ही ग्रामीण थाना क्षेत्रों में भी एसडीओपी, थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मैदान संभाले हुये थे। पिछले कुछ दिनों से पुलिस की कार्यशैली को देखते हुये आम लोगों ने राहत की सांस ली थी। पुलिस का मकसद जिले में आमजन में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना और अपराधियों मे खौफ पैदा करना है।

# जलती चिता का मांस खाने वाला अघोरी किन्नर गिरफ्तार

### किन्नर को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के श्मसान चकतीर्थ पर जलती चिता से मास निकाल कर खाने वाले अघोरी किन्नर को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उसके खिलाफ सेनापति काल भैरव समिति की और से थाने में शिकायत की गई थी जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 301, 25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की ।

सोमवार को सोश्यल मिडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर लोगों ने हैरान करने वाला मामला देखा था। सोश्यल मिडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हुए विडियों में खुद को अघोरी और किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बताने वाली काली उर्फ नंद गिरी श्मशान घाट पर एक जलती चिता के पास नजर आ रही थी। विडियों में वह चिता से निकालकर मास खाती नजर आ रही है। इस विडियों के सामने आने पर संतों ने गुस्सा जताया था। वायरल वीडियो में संबंधित अघोरी हाथ में तलवार लिए जलती चिता के पास खड़ी दिखाई दे रही है। श्मसान वासी के नाम से जारी वीडियो में अघोरी कहती हुई सुनाई देती है कि ङ्गअब इंसान को खाएंगे आप लोगङ्गजय भवानीङ्गये देखो गरम गरम है अभी निकालाङ्गबहुत टेस्टी है तुम्हारा जीवन से भी ऐसा खेलूंगीङ्गबहुत बड़े-बड़े तांत्रिकों को सबका मार दिया मेरे से बच के रहना। इंसान को खाना, गरम-गरम राख लगाना, भूत प्रेत से खेलना, खोपड़ी से खेलना ये हमारा काम है। हमारे से बच के रहो। ऐसा गरम-गरम इंसान को खा रहे हैं हम।ङ्गकिसी के बस की बात नहीं है इंसान को गरम-गरम उठा के खाना। ये हमारा जीवन है। ये हम क्या कर सकते हैं तुम्हारा सोच के बाहर है। तुम सोच लो मैं क्या कर सकता हूँ। ऐसा गर्म-गर्म इंसान को खाने वाली। ये देखो फिरङ्गपेट भर गया। वीडियो अघोरी ने अपने ही इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया था, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हुआ । थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा के अनुसार विडियो उनके संज्ञान में आया था।



#### श्मशान से धमकी भरा वीडियो जारी किया

जय श्री महाकाल, जय माता जी, जय माँ शमशान काली। मैं ये काफी वीडियोज देखा हूँ तो उसके बारे में तो ज्यादा नहीं बात करती हूँ लेकिन जो भी पीठ पीछे जो टिप्पणियां कर रहा है ना हाँ तो उसकी कहानी खत्म हो जाएगी थोड़े दिन में बच के रहना। अगर तुम्हारे अंदर उतना औकात है तुम सच्चे हो तो आमने-सामने आओ। मैं चक्रवती आश्रम में रहती हूँ आमने-सामने मेरे सामने आ के बोलो, पीठ पीछे बुराई मत करना। जो जो बुराई कर रहे है ना मेरी शमशान काली और महाकाल उन्हें नहीं छोड़ेगा, उनसे पहले तो ये उनकी बेटी हूँ नहीं छोड़ेंगे। तो हमारे से बच के रहना। जनता से लूटपाट करके तुम उनका दुखी से पैसे से पेट भरने वाले हमारा बुराई कर रहे हो, सबका मार दूंगी बच के रहना। जो भी बुराई है करो हमको कोई घंटा फर्क नहीं पड़ेगा। थोड़ा वायरल हो जाएगी लेकिन मैं तुम्हारा सोच के बाहर हूँ। सामने-सामने आ के बात करो। जय श्री महाकाल, जय माँ शमशान काली।

#### संत समाज नाराज-

वायरल वीडियो को लेकर जूना अखाडा के महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी महाराज बोले - ये बर्दाश्त नहीं। देखिए, अघोर साधना को गोपनीय रखना जरूरी है, उनको सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। जो भी साधक सार्वजनिक करता है वो कहीं ना कहीं ढोंगी हो सकता है। इस प्रकार का कृत्य जो कि मानव मांस के भक्षण का दृश्यांकन करने वाला हो, वो नर पिशाच की श्रेणी में आता है। इस बात को समझना होगा। बहुत तेजी के साथ इस प्रकार की कुचेष्टाएँ हो रही हैं। इसको शासन को संज्ञान में लेना होगा।

#### न्यायालय ने जेल भेजा

सीएसपी पुष्पा प्रजापति के मुताबिक मंगलवार को जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने चिता से छेडछाड करने के इस मामले में आरोपी काली उर्फ नंद गिरी को बीएनएस की धारा 301,25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को 15 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल भैरवगढ भेज दिया गया। वायरल विडियो उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मसान का बताया जा रहा है जो कि नगर निगम उज्जैन के अधिकार क्षेत्र में हैं।

---

मथुरा-महाराष्ट्र से चुराकर लाया था उज्जैन, बेचने की फिराक में था

# चैकिंग में बदमाश के पास मिले चोरी के पांच मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मथुरा-महाराष्ट्र से मोबाइल चुराकर उज्जैन बेचने की फिराक में आये बदमाश को चैकिंग में जीआरपी की टीम ने दबोच लिया। उसके पास से पांच मोबाइल बरामद किये गये, जिसकी कीमत 1 लाख से अधिक सामने आई है।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर टीम लगातार प्लेटफार्म पर चैकिंग अभियान चला रही है और संदिग्धों से पूछताछ कर ही है। रात में चैकिंग के दौरान पता चला कि प्लेटफार्म क्रमांक 8 आउटर क्षेत्र में एक व्यक्ति नीले रंग का बैग लेकर खड़ा है जिसके पास कुछ मोबाइल है। टीम आउटर की ओर पहुंची तो उक्त व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया और पटरियों के पास छुमछुम बाबा की दरगाह तक पहुंच गया, शंका होने पर टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसके बेग की तलाशी ली गई तो उसमें से 5 मोबाइल फोन मिले। पूछताछ करने पर उचित जवाब नहीं मिला तो उसे गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां सख्ती करने पर उसने अपना नाम राहुल पिता कानिफनाथ कांबले 44 साल निवासी पूणे महाराष्ट्र बताया। मोबाइल संबंधित जानकारी लेने पर उसने कबूल किया कि मथुरा और महाराष्ट्र से चुराकर लाया है। यहां कम कीमत में बेचने का इरादा था। थाना प्रभारी गुप्ता के अनुसार चोरी के मोबाइल बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 35 (1), (ई), 106 और 303 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



#### 24 घंटे में पकडा भोपाल का बदमाश

जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल चोरी में शामिल एक बदमाश को आरपीएफ टीम की मदद से 24 घंटे में गिरफ्तार किया। बदमाश भोपाल का रहने वाला अनीस पिता नासिर खान है। 30 अगस्त की रात उसने ट्रेन में चढ़ते समय उत्तरप्रदेश के हापुड में रहने वाले यात्री वीरू सूद की जेब से 20 हजार कीमत का मोबाइल चोरी कर लिया था। जिससे मोबाइल बरामद किया गया है। ट्रेन में यात्रियों मोबाइल चोरी करने वाले 2 अन्य बदमाश गणेश पिता लक्ष्मण पलहाड़ निवासी आसेगांव महाराष्ट्र और लाखन पिता रमेशचंद्र परिहार निवासी सिंगावदा देवास को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। जिनसे चोरी किये मोबाइल जप्त कर लिये गये है।

#### सिहोर के बदमाश की 2017 से थी तलाश

जीआरपी टीम को ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले बदमाश धर्मराज पिता प्रद्युमन सेन निवासी सिहोर की 2017 से तलाश थी। उसे भी सोमवार देर शाम सिहोर से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जीआरपी ने बताया कि आरोपी पूर्व में पकड़ा गया था, उसे न्यायालय ने जमानत पर रिहा किया था, लेकिन वह कोर्ट पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका था। उसके बाद से तलाश जारी थी। बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com